YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी कैडेट्स में भरा......01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

एडीजे शिवकुमारी ने किया जिला कारागार का निरी........03

वर्ष: 02 अंक: 186 | बदायूं, मंगलवार 21 जनवरी 2025 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये

### रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स में भरा जोश

## कहा- 2047 तक विकसित भारत बनाने में दें योगदान

**दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने लक्ष्य तय किया है। कैडेट्स को उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए कहा।



दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। एनसीसी कैडेट के अनुशासन और एकता की रक्षा मंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में शरीर अनेक हैं, पर आत्मा एक है। शाखाएं अनेक हैं मगर जड़ एक है। किरणें अनेक हैं, मगर प्रकाश एक है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिकी के शिक्षक थे। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन को बढ़ावा देती है। दिल्ली छावनी में 30 दिसंबर से चले गणतंत्र दिवस शिविर में देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं।

इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर प्रबोवो 25 और 26 जनवरी को भारत में रहेंगे। पहले खबर थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं जाकर मलेशिया की यात्रा करने वाले हैं।

### बाइडन ने व्हाइट हाउस में किया ट्रंप का स्वागत

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं भारतीय समय अनुसार, वे आज रात राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। 20 जनवरी को उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले औपचारिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। इसी कड़ी में ट्रंप ने अर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री जाकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अज्ञात अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और वॉशिंगटन में मागा रैली को संबोधित किया।

## ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए...

### ताहिर हुसैन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त टिप्पणी की कि ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही पीठ ने पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक टाल दी है, जिन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। मामले में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू हुई, ताहिर हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया।



पीठ ने जवाब में टिप्पणी की, जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। उनके वकील जानकारी देते हुए कहा कि ताहिर हुसैन का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम के टिकट पर मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पैरोल दी थी।

हालांकि, इसने चुनाव लड़ने के लिए 14 जनवरी से 9 फरवरी तक अंतरिम जमानत के लिए उनकी याचिका को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि हिंसा में मुख्य अपराधी होने के नाते ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोपों की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिसकी वजह से कई लोगों की मौत हो गई। हाईकोर्ट ने कहा कि दंगों के सिलसिले में उनके खिलाफ लगभग 11 एफआईआर दर्ज की गई थीं और वह संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले और यूएपीए मामले में हिरासत में थे। ताहिर हुसैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव लड़ना एक जटिल प्रक्रिया है।

### एक नजर

#### दिल्ली में पक्के मकानों पर तेज हुई सियासत

**दिल्ली।** झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाला गरीब वर्ग केजरीवाल का सबसे मजबूत वोट बैंक माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि मुफ्त बिजली-पानी के कारण यह वोट बैंक केजरीवाल को वोट करता है। लेकिन दिल्ली की सत्ता में पहुंचने को उत्सुक भाजपा ने इस वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए इन्हें पक्का मकान देने का बड़ा वादा कर दिया जो इन वर्गों के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा के वादे का बड़ा असर हो सकता है और इस वर्ग का एक वोट बैंक खिसककर भाजपा के पाले में जा सकता है। लेकिन अपने इस वोट बैंक को साधे रखने के लिए केजरीवाल ने भी बड़ा दांव खेल दिया है। अब उन्होंने भी गरीबों को पक्का मकान देने का दांव खेल दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सफाई कर्मियों के लिए मुफ्त आवास बनवाने के लिए जमीन की मांग कर डाली है। यह भाजपा के झुग्गी-झोपड़ी वालों को पक्का मकान देने के वादे के जवाब में चला गया दांव माना जा रहा है।

## गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ दो माओवादी ढेर, कोबरा यूनिट का जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल को नक्सलियों के खिलाफ फिर बड़ी सफलता मिली है। गरियाबंद जिले के छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के पास सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हुए हैं। वहीं सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रायपुर भेजा गया। फिलहाल, जवान खतरे से बाहर है। राजधानी के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सर्च ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इनमें एक एसएलआर हथियार जब्त किये गये हैं।



बताया जाता है कि सुरक्षाबलों ने सुबह साढ़े आठ बजे से कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में बड़ा ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस पुलिस की 10 टीमें संयुक्त रूप से शामिल रहीं। इसमें तीन एसओजी, दो छत्तीसगढ़ पुलिस और पांच सीआरपीएफ की टीमें शामिल थीं। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। गरियाबंद एसपी ने हेलीकॉप्टर की मदद से घायल जवान को रायपुर भेजा। जवानों ने ऑपरेशन के दौरान दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। दोनों का शव बरामद किया गया है। सर्च अभियान अभी भी जारी है। फिलहाल, ड्रोन के जरिए नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मुठभेड़ के बाद इलाके में नक्सलियों के छिपे होने की बात कही जा रही है। पूरे क्षेत्र को सील कर नजर रखी जा रही है।

## सपा ने अपने कार्यकर्ताओं को दिया निर्देश, दिल्ली चुनाव में आप प्रत्याशी को जिताएं

**दिल्ली।** सपा ने अपने कार्यकर्ताओं से दिल्ली के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जुटने का आह्वान किया है। दिल्ली से लगे यूपी के जिलों के सपा कार्यकर्ता भी वहां के चुनाव में मदद देंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस चुनाव में आप को पहले ही समर्थन दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में इंडिया गठबंधन का जो दल सबसे मजबूत है, सपा का समर्थन उसी को रहेगा। दिल्ली में कांग्रेस भी गठबंधन से अलग चुनाव लड़ रही है। सपा सूत्रों के मुताबिक, अगर आम आदमी पार्टी की ओर से प्रचार में मदद की कोई डिमांड आएगी तो सपा उसे पूरा करेगी। सपा के राज्यसभा सदस्य जावेद अली कहते हैं कि सपा का हरसंभव प्रयास है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी पुनः सत्ता में लौटे। वहीं, सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि हमारी दिल्ली इकाई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तरह से आप के समर्थन में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।



## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा के निधन के बाद हुआ शांति यज्ञ

### एकजुट दिखा पूरा यादव परिवार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सैफई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा और इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव के पिता राजपाल यादव के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को सैफई स्थित आवास पर शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने आहुति देकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



शांति यज्ञ में अखिलेश यादव के साथ उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव, चाचा शिवपाल सिंह यादव, अभयराम सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, विधायक तेज प्रताप सिंह यादव, सांसद आदित्य यादव, सांसद अक्षय यादव, डॉ. अजंट सिंह यादव, अपर्णा यादव, अनुराग यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव और अर्जुन यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। शांति यज्ञ का आयोजन केंद्रीय समाज सेवा समिति के आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम सुबह 8 बजे पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हवन संपन्न हुआ। इसमें आचार्य इंद्रपाल आर्य, रामदेव आचार्य, विनेश शास्त्री, श्याम सिंह, सत्य सिंह, रणवीर सिंह, सत्यप्रकाश और जगराम आचार्य ने विधि-विधान से हवन कराया। हवन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद शांति यज्ञ में शामिल आचार्यों को ब्रह्मभोज कराया गया।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव का 9 जनवरी को बीमारी के चलते गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सैफई में किया गया था। सोमवार को 11 वें दिन यह शांति यज्ञ आयोजित किया गया। शांति यज्ञ में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आदि मौजूद रहे।

## सीएम बोलीं- मैं इस फैसले से संतुष्ट नहीं, हमने मृत्युदंड की मांग की थी..

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि, वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि, हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से जबरन ले लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के पास ही रहा होता, तो उसने निश्चित रूप से मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने मामले में सीबीआई जांच पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा, हम सभी ने (दोषी के लिए) मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला हमसे जबरन ले लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिलें।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस की तरफसे जांच किए गए ऐसे ही कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं (फैसले से) संतुष्ट नहीं हूं। सियालदह की अदालत ने संजय रॉय को राज्य सरकार की तरफ से संचालित आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को, संजय रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में दोषी करार दिया था। न्यायाधीश दास ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता, जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके।

### भय और प्रलोभन से बचिए... निर्भीक व निष्पक्ष होकर दायित्व निभाएं, प्रेमानंद महाराज का संभल डीएम को सुझाव

**वृंदावन।** संभल हिंसा के बाद से चर्चा में आए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। संत प्रेमानंद महाराज ने डीएम को कर्तव्य और धर्म का महत्व समझाते हुए गीता के उपदेश का उदाहरण दिया। संत प्रेमानंद महाराज ने जिलाधिकारी पैंसिया से कहा कि भगवान की कृपा से सेवा का अवसर मिलता है। इसे पूर्ण लगन और निष्ठा से निभाना चाहिए। उन्होंने डीएम को भय और प्रलोभन से बचते हुए निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने दायित्व निभाने का सुझाव दिया। महाराज ने कहा, ष्भगवान ने गीता में अर्जुन को कर्तव्य निभाने का महत्व समझाया था। धर्मयुद्ध में भाग लेना ही अर्जुन का कर्तव्य था, और उसी तरह अपने अधिकार के अनुसार राष्ट्र की सेवा करना आपका कर्तव्य है। प्रेमानंद महाराज ने डीएम से नशे के संबंध में सवाल किया, जिस पर डीएम ने बताया कि वह चाय तक नहीं पीते। उन्होंने यह भी साझा किया कि उनके घर में प्रतिदिन डेढ़ घंटे गीता पाठ होता है।



# जिले में जाम का होगा निस्तारण

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** नगरीय क्षेत्र में अव्यवस्थित ई रिक्शा के कारण आए दिन चौराहों पर लगने वाले जाम से शहर वासियों को मुक्ति दिलाने के लिए प्रयासरत अलीगढ़ नगर आयुक्त विनोद कुमार ने एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम के साथ शहर में ई रिक्शा को व्यवस्थित करने के लिए मंथन किया।



ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ई रिक्शा चालकों के पंजीकरण की व्यवस्था को सुगम बनाने के बारे में मैसर्स वेब सोफी सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी टीम के साथ ई रिक्शा पंजीकरण सॉफ्टवेयर को देखा। नगर आयुक्त ने सॉफ्टवेयर एजेंसी को पंजीकरण का सॉफ्टवेयर सरल भाषा और ई रिक्शा चालकों की सुविधा के अनुसार बनाने के निर्देश दिए. नगर आयुक्त ने कहा ई रिक्शा चालकों को शहर में व्यवस्थित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था जल्द शुरू की जा रही है इस नई व्यवस्था में घर बैठे कोई भी ई रिक्शा चालक सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकता है आन लाइन पंजीकरण के समय अलीगढ़ आरटीओ में पंजीकरण, फिटनेस के प्रमाण पत्र, ड्राइवर लाइसेंस के साथ-साथ नगर निगम के पंजीकरण को अपलोड करना अनिवार्य होगा।एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम ने बताया कि इन चार प्रमाण पत्रों के साथ कोई भी ई रिक्शा चालक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंजीकरण का आवेदन कर सकता है।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा निर्धारित 4 जोन में से किसी एक जोन निर्धारित रंग और रूट के अनुसार ई-रिक्शा को चलाने की अनुमति दी जायेगी।उन्होंने बताया कि पहले चरण में 4००० ई रिक्शा को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से 4 जोन बनाए गए हैं जिनमे प्रथम पूर्वी जोन -1- कम्पनीबाग-दुबे पढ़ाव-गान्धीआई तिराहा-क्वार्सी चौराहा रामघाट रोड से दाहिने तरफ-कम्पनीबाग-दुबे पड़ाव से अचलताल, नौरंगाबाद पुल होते हुये बाये तरफएटा चुंगी जीटी रोड उक्त दोनों मार्गो के मध्य का समस्त क्षेत्रद्वितीय पश्चिमी जोन -1- कम्पनीबाग से रसलगंज से तहसील तिराहा, सारसौल चौराहा।

जीटी रोड से बाये तरफ कम्पनीबाग से हाथरस अडडा, सासनीगेट चौराहा मथुरा चेन्जर से खैरश्वर, नादापुल, सारसौल चौराहा। (आगरा रोड) से दाहिने तरफउक्त दोनों मार्गो के मध्य का समस्त क्षेत्र तृतीय उत्तरी जोन 1-कम्पनीबाग से दुवे पढाव से रामबाग तिराहा क्वार्सी चौराहे से बाये तरफमहेशपुर फाटक, एफ़एम टावर तिराहा से सारसौल वाईपास कंम्पनीबाग से मसूदाबाद चौरहा आदि शामिल हैं।

## सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** 69००० शिक्षक भर्ती मामले में एक बार फिर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने आंदोलन का आह्वान किया है। यह आंदोलन गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व 25 जनवरी से शुरू होगा। इस आंदोलन में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 6००० से अधिक महिला व पुरुष अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह जानकारी अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने दी। अमरेंद्र पटेल का कहना है कि 69००० शिक्षक भर्ती मामले में लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया था और सरकार को तीन महीने के अंदर फैसले का पालन किए जाने का आदेश दिया था लेकिन सरकार की लापरवाही की वजह से अभी तक फैसला का पालन नहीं हो सका।

# बच्चा चोरी के शक में युवक को पीटा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** महानगर के बन्नादेवी की सारसौल बापू धाम कॉलोनी में 19 जनवरी सुबह उस समय हंगामा जैसी स्थिति बन गई, जब अपने बेटे को ले जा रहे आगरा के एक व्यक्ति को भीड़ ने बच्चा चोरी के शक में पीट दिया। बात जब पुलिस चौकी तक पहुंची तो भेद खुला कि यह बच्चे का पिता है। बाद में मां व उसके मायके वाले आ गए,जहां उनमें समझौता हो गया।



दरअसल, आगरा के शाहगंज के रहने वाले किशोर नाम के युवक की पत्नी पिछले दिनों रूठकर यहां बापूधाम में अपने रिश्तेदारों के घर आ गई। साथ में अपने पांच वर्ष के बेटे को भी ले आई। इस पर पति को संदेह हुआ कि उसकी पत्नी कहीं दूसरी शादी करने तो नहीं जा रही। 19 जनवरी सुबह किशोर अपने बेटे को लेने के इरादे से यहां आया और दरवाजे पर खेल रहे बच्चे को लेकर चल दिया। इस पर कुछ लोगों ने उसे बच्चा चोर समझकर पीट दिया। महिलाएं भी आ गईं। बाद में प्रकरण सारसौल चौकी तक पहुंचा। जहां बच्चे की मां, उसके मायके पक्ष के लोग आ गए। जहां किशोर ने बेटे को ले जाने की जिद की। मगर शाम तक चली वार्ता के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। एसएचओ बन्नादेवी पंकज मिश्रा के अनुसार प्रकरण में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। महिला अपने बच्चे के साथ पति के साथ जाने को तैयार हो गई है। दोनों ने लिखित में दिया है। एक दो दिन में साथ चले जाएंगे।

## तराई में घने कोहरे और बारिश की चेतावनी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार से मौसम फिर से यू टर्न लेने वाला है। नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 22 जनवरी से पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से सोमवार व मंगलवार के लिए प्रदेश के 1० तराई जिलों में घने कोहरे की संभावना जताई गई है। हालांकि दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सोमवार को यूपी के कुछ तराई जिलों को छोड़कर ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ अच्छी धूप खिली। तपिश भरी धूप की वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी दिखी। वहीं 2०-3० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं इसके असर से कोहरे के घनत्व में कमी आई। बताया जाता है कि फिर से घना कोहरा और बूंदाबांदी के आसार हैं।

# नवागत डीएम ने संभाला चार्ज

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** आईएएस संजीव रंजन ने जिलाधिकारी का कार्यभार संभाल लिया है। वह प्रतापगढ़ में जिलाधिकारी थे, वहां से स्थानांतरित होकर अलीगढ़ आए हैं। विशाख जी का लखनऊ के जिलाधिकारी पद पर तबादला हो गया था।



नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने 2० जनवरी सांय को जनपद कोषागार में जिलाधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। डीएम संजीव रंजन ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों को धरातल पर लागू करने के साथ ही कानून व्यवस्था उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अखिलेश कुमार यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, एसडीएम इगलास साश्वत त्रिपुरारी,, वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार, सीएमओ डॉ नीरज त्यागी आदि मौजूद रहे। सन 2०13 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव रंजन यहां से पहले कई अहम पदों पर रहे हैं। इसके अलावा वह सिद्धार्थ नगर के जिलाधिकारी भी रहे हैं। सहारनपुर में मुख्य विकास अधिकारी रहे हैं।

## पुलिस ने महिला को परिजनों से मिलाया

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखीमपुर खीरी।** तेलंगाना राज्य में रहने वाली एक महिला भटकते हुए उत्तर प्रदेश के लखीमपुर पहुंच गई। वह 18 जनवरी को ओयल चौकी क्षेत्र में पीआरवी 2851 को मिली। महिला को वन स्टॉप सेंटर पर आश्रय व संरक्षण दिलाया गया। वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर विजेता गुप्ता व रश्मि वर्मा ने महिला के परिवारीजन के बारे में जानकारी की। महिला ने अपना नाम रमन्ना पत्नी भास्कर राव जिला कमम मंडल ओयदा (तेलगांना) बताया। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि परिवार में पुत्र मुताशाही से काउंसलर की बात होने के बाद उन्हें वन स्टाप सेंटर लखीमपुर बुलाया गया। सोमवार को महिला के पति भास्कर राव व पुत्र मुताशाही ने वन स्टाप सेंटर आकर महिला के पहचान संबंधित प्रमाण दिए।

# अनुग्रह राशि के लिए 31 मार्च तक होंगे आवेदन

**अलीगढ़।** उप श्रम आयुक्त सियाराम ने अवगत कराया है कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित क्षेत्र कर्मकारों को अनुग्रह-राशि मॉडयूल के अन्तर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में उनके आश्रितों व दिव्यांग होने पर स्वयं द्वारा उक्त योजनान्र्गत हितलाभ प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले में हितलाभ योजना के अन्तर्गत ई-श्रम पोर्टल पर 14,43,742 असंगठित कर्मकार पंजीकृत हैं।



उन्होंने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार उ०प्र० असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड लखनऊ द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2०21 से 31 मार्च 2०22 तक या उससे पूर्व विभन्न श्रेणी में पंजीकृत असंगठित कर्मकारों को सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजना से आच्छादित कराने के लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उन्हें हितलाभ दिये जाने के आदेश दिये गये हैं। तत्क्रम में असंगठित कर्मकारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित किया जा रहा है।

इस योजना के अन्तर्गत ई-श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2०21 से 31 मार्च 2०22 तक या उससे पूर्व पंजीकृत असंगठित कर्मकारों, ई-श्रम कार्ड धारकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित या नामिनी को ०2 लाख रुपए अथवा दिव्यांगता की स्थिति (दोनों आँख या दोनों हाथ या दोनों पांव, पूर्ण रूप से क्षति होने पर ०2 लाख रूपये तथा एक हाथ या एक पांव की क्षति होने पर) ०1 लाख रूपये की अनुग्रह राशि नियमानुसार प्रदान की जायेगी।उन्होंने साथ ही यह भी अवगत कराया है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार एवं उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अनुग्रह राशि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्रता के आधार पर दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांग हुए पंजीकृत असंगठित कर्मकारों के आवेदनों, क्लेम-दावों को प्राप्त करने के लिए नियत समयावधि को अगले ०3 माह तक विस्तारित किया गया है अर्थात 31 मार्च 2०25 तक उन आवेदनों, क्लेम-दावों को स्वीकृत कर अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये दुर्घटना के कारण मृत्यु, दिव्यांगता की स्थिति में ई-श्रम कार्ड धारक अथवा उसके आश्रित या नामिनी द्वारा मृत्यु होने की दशा में दावेदार का आधार नम्बर, यूएनए कार्ड या नम्बर, मृत्यु प्रमाण-पत्र, मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण-पत्र, दुर्घटना के समय दर्ज की गयी एफआईआर या पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोट, दावेदार के नाबालिग होने की दशा में अभिभावक को दावा भरते समय जिला न्यायालय द्वारा जारी अभिभावक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# डीएम ने संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करने के दिए निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने उप जिलाधिकारी कृर्ति राज और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शिकोहाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को न केवल सुना अपितु समस्याओं का तुरंत समाधान भी किया।




जिलाधिकारी ने कुछ समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा की समस्याओं का आकलन मौके पर ही जाकर ही किया जा सकता है, इस समीक्षा के दौरान ज्यादातर मामले कानून व्यवस्था, राजस्व, पंचायती राज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विद्युत जल निगम, दिव्यांगता इत्यादि से सम्बंधित आए, इस दौरान एक मामला अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट रजत व कांस विजेयता अभिषेक का आया, जिसने जिलाधिकारी को अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पैरा एथलीट में चार राष्ट्रीय मेडल जीत चुका है, व नौ राज्य स्तरीय वह दो अंतरराष्ट्रीय मेडल का भी विजेता है और प्रार्थी आगे भी आने वाले विश्व चैंपियनशिप एशियन यूथ गेम में प्रतिभाग करना चाहता है, किंतु उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, जिससे आगे के खेल को जारी रखने में असमर्थ है।

जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि उनकी प्रतिभा को सही मुकाम दिलाने हेतु प्रशासन पूरी मदद करेगा, इसी तरह विशाल शर्मा नामक एक शिकायतकर्ता का कहना था कि कुछ दबंग उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रवाना किया, ताकि शिकायतकर्ता के साथ न्याय हो सके। उप जिलाधिकारी सिरसागंज ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सिरसागंज के अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, सिरसागंज, गन्ना निरीक्षक, सिरसागंज, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्तत्रण सेवा, सहायक अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड सिरसागंज, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई शिकोहाबाद, सहायक विकस अधिकारी (पंचायत) अरॉव व मदनपुर, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) अरॉव व मदनपुर, सहायक विकास अधिकारी (समाज) मदनपुर व अरॉव अनुपस्थित रहे।

## जल की बचत के लिए किया जागरूक

**मथुरा।** जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल ही जीवन है, जल है तो कल है। लोगों को जागरूक करने के लिए यह स्लोगन अक्सर सार्वजनिक स्थानों, पानी की टंकी, सरकारी भवनों पर लिखे रहते है, लेकिन हकीकत में इस पर कोई अमल नहीं हो रहा है। ऐसे में जल संरक्षण की मुहिम को घर-घर पहुंचाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार इन दिनों प्रयागराज कुंभ में अलख जगा रहे हैं।

# एटीएम चोर को किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा बैक आफ इन्डिया के जलेसर रोड विभव नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद के एटीएम को तोड़कर चोरी करने के प्रयास की घटना का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त कन्हैया पुत्र श्रीरामशंखवार नि० इन्द्रानगर गली न० ०5 थाना उत्तर फिरोजाबाद को झील की पुलिया और रहना की पुलिया के मध्य मरघटी के पास थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त तथा थाना उत्तर के मुअसं 32,2०25 से सम्बन्धित एक लोहे की रॉड़ तथा ०1 अदद तमंचा 315 बोर मय ०1 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।




गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि साहब मैंने की रात्रि को बैक आफइन्डिया के जलेसर रोड विभव नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद के एटीएम को लोहे की रॉड़ से तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था तभी मुझे कुछ लोगों की आवाज सुनाई दी तो मैं उसी समय वहाँ से भाग गया। मुझे पैसों की शख्त जरूरत थी।

# आठ मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**अलीगढ़।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में ०8 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है।




राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे-फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर बाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बितध् प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है। अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत वादकारीगण से अपेक्षा है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हों तो अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालय कार्यालय को नियत तिथि से पूर्व प्रेषित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

## बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर तीन घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फरह।** थाना क्षेत्र के दीनदयाल धाम तिराहे पर बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर तीन घायल अस्पताल में कराया भर्ती। रविवार की शाम को दौलतपुर चौराहा पर तेज रफ्तार बाइक सवारों ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिसमें तीनों घायल हो गए घटना को देखकर लोगों को भी इकट्ठा हो गई जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी सूचना पर पहुंचे घायल के भाई वीरेंद्र ने बताया कि उनके भाई खेत पर साइकिल से जा रहे थे तभी दौलतपुर चौराहे के समीप बाइक सवार युवकों ने साइकिल में टक्कर मार दी जिसमें दो बाइक सवार सहित भाई भी घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आग लगने से हजारों को हुआ नुकसान

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आजमगढ़।** जिले की रानी की सराय थाना क्षेत्र के रेंदुआ गांव में शनिवार की रात एक रिहायशी मड़ई में आग लग गई। आग की जद में आया गैस सिलिंडर भी तेज धमाके की आवाज के साथ फट गया। मौके पर जुटे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक मड़ई में रखे गहने सहित गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया।



रानी की सराय थाना क्षेत्र के वस्ती ग्राम पंचायत के रेंदुआ गांव निवासी दिलराम सरोज और कन्हैया सरोज मड़ई डालकर परिवार के साथ रहते हैं। दोनों का घर आसपास है। शनिवार की रात दिलराम सरोज का पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया था। रात करीब 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में आग लग गई। ठंड के कारण गहरी नींद में सो रहे लोगों को आग लगने की जानकारी तब हुई जब आवासीय मंडई से भयंकर लपटें उठने लगीं। यह देख परिवार के लोग शोर मचाते हुए घर छोड़कर बाहर की तरफ भागे। शोर सुनकर दिलराम का भाई कन्हैया सहित गांव के लोग मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए बाल्टी आदि से पानी फेंकना शुरू किया, लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया था।

इस बीच घर में रखा सिलिंडर भी तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि सभी दहल गए। इसके कारण पूरा टिनशेड हवा में लगभग दस फूट उपर उड़ गया। उधर, गांव के प्रधान अमित सरोज ने घटना की सूचना पुलिस के साथ अग्निशमन टीम को दी। जब तक अग्निशमन टीम मौके पर पहुंचती, ग्रामीणों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। उधर, दिलराम की गृहस्थी पूरी तरह से राख हो चुकी थी। दिलराम सरोज ने बताया कि घटना में घर में रखा 3० क्विंटल अनाज और करीब दो लाख के आभूषण सहित अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। संयोग से सभी की जान बच गई।

## खूबसूरती के दीवाने हुए 17 देशों के कैडेट

**आगरा।** ताजमहल की सुंदरता को शब्दों में बयां नहीं कर सकते, यह अद्वितीय है। इसे देखकर हम रोमांचित हैं। यह कहना था इंडोनेशिया की वैला का, जो यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम (वाईईपी) के तहत ताज भ्रमण पर पहुंचीं। वैला के साथ 17 मित्र देशों के 23 अधिकारी और 132 कैडेट्स ने भी ताज का दीदार किया। भारत देश के साथ अन्य देशों की संस्कृति से रूबरू होने के लिए विभिन्न देशों के युवा वाईईपी कार्यक्रम के तहत भारत यात्रा पर आए। 18 और 19 जनवरी को ग्रुप ने आगरा किला और ताजमहल का भ्रमण किया और यहां की संस्कृति से रूबरू हुए। यूपी वाहिनी एनसीसी के कार्यवाहक कमान अधिकारी कर्नल एस सुबीर कुमार ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में भूटान, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, मालदीप, नेपाल, रूस, सिंगापुर, यूके, वियतनाम, फिजी आदि हैं।

# शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने तहसील दातागंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर 52 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने गत सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बंध में शिकायतकर्ता को फोन करवाकर उनकी संतुष्टि भी जानी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील दातागंज के ग्राम घिरोर की निवासी एक महिला ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि लगभग 2 वर्ष पहले करंट लगने से उसके पति की मृत्यु हो गई थी। उसने किसान दुर्घटना क्लेम का फॉर्म भरा था, लेकिन उसको निरस्त कर दिया गया है। उसने निरस्त फार्म की जांच करवाने की अपील की। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम दातागंज को अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

तहसील दातागंज के मोहल्ला अरेला वार्ड नंबर 13 निवासी ओम प्रकाश गुप्ता ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उसके विद्युत का बिल अत्यधिक आता है उसमें बिल में सुधार के लिए उसने प्रार्थना पत्र भी पर दिया था लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए संबंधित अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को प्राथमिकता पर कार्रवाई कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। तहसील दातागंज के ग्राम पंचायत कूठा कुथिया सुल्तानपुर निवासी विकास शर्मा ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उसके ग्राम पंचायत में नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण में ग्राम प्रधान द्वारा घटिया सामग्री, पीले ईटों आदि का प्रयोग किया जा रहा है। उसने इसकी जांच कराने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी दातागंज को प्राथमिकता पर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 52 शिकायतें आई थी।

# एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं शिव कुमारी द्वारा जिला कारागार बदायूँ का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दंण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से अच्छादित हैं तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया।



जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया।

इसी कम में नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से भी एक-एक कर पूछताछ की गयी, निरीक्षण के समय सरोजिनी नायडू वार्ड/महिला कक्ष में 46 महिला बन्दी निरूद्ध है, महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे 04 बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों से पूछताछ की गयी व दवाओं का रख-रखाव भी देखा गया। इसके अतिरिक्त 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकद्दमा दायर होने से पूर्व प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इसी कम में निरीक्षण के दौरान अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार, कारापाल, कुंवर रणजय सिंह, उपकारापाल मो० खालिद, उपकारापाल, श्रीधर यादव, श्री गणेश चन्द्र चतुर्वेदी चिकित्साधिकारी, डॉ० हरीश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली



**बदायूं।** जेएस (पीजी) कॉलेज बदायूं की स्वामी विवेकानंद तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई एनएसएस इकाइयों के द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिवर पर मतदाता जागरूकता अभियान रैली को क्रमश: ग्राम उनौला तथा ग्राम झंडपुर में निकला गया। ग्रामीणों को स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं के द्वारा पंपलेट बाट कर, स्लोगन दिखाकर तथा नारों के द्वारा मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छबिराम सिंह ने सभी ग्रामीणों को लोकतांत्रिक मूल्यों को बताते हुए सत प्रतिशत मतदान करने को कहा। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य राहुल कुमार, ललित कुमार, उत्पल मिश्रा, अनिल द्विवेदी, हिमांशु पाल, फिरदौस बी, पूर्णिमा गौड़, अजय पाल सिंह, सुधीर यादव आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### एक रात में दो ट्यूबवेल से बैटरियां हुई चोरी



**उघैती ( बदायूं )।** थाना क्षेत्र के गांव करियामई में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में बीती रात चोरों ने दो किसानों के ट्यूबवेल से झटका मशीन की तीन बैटरियां चुरा लीं। पीड़ित किसान सुरेश चंद्र और राजेंद्र प्रसाद मिश्रा को चोरी का पता तब चला जब वे सुबह खेत पहुंचे और ट्यूबवेल के टूटे दरवाजे देखे। यह इलाका पिछले कुछ समय से चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट बना हुआ है। इससे पहले 15 दिसंबर को चोर करियामई के मजरा सोरहा से ढाई सौ केवीए का ट्रांसफॉर्मर भी चुरा ले गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक एक भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। पीड़ित किसानों ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है और जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा । हालांकि, रात के अंधेरे में सक्रिय चोर पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं और लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### स्वयंसेवकों ने महिलाओं को सिखाया हस्ताक्षर करना



**बदायूं।** राजा राम महिला इंटर कालेज की राष्ट्र सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर में तीसरे दिन ग्राम चंद्रोखर गौटिया में स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाली। ग्रामीणों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया और आत्मनिर्भर बनने गुण सिखाए। छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं को अक्षर ज्ञान एवं हस्ताक्षर करने सिखाएं।कार्यक्रम अधिकारी कुमारी रिंकी ने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। क्योंकि वह एक नहीं दो परिवारों की जिम्मेदारी निभाती है। मुख्य अतिथि अतिथि रचना मिश्रा और कुमारी अदिति सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या डा.अनीता कुमारी ने स्वयं सेविकाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम अधिकारी कुमारी रिंकी के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शाम को गोष्ठी में अंजुम सहर, ज्योति सागर, नाजनीन बेगम, मणि पांडेय, गीता सागर, चित्रा कुमारी आदि मौजूद रहीं।

# सीएमओ ने हरी झण्डी दिखाकर किए सारथी वाहन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद में सारथी वाहन का शुभारम्भ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनके कार्यालय से किया गया। जनपद स्तर पर 23 जनवरी तक 02-02 सारथी वाहन 04 दिन तक संचालित किया जायेगे, जो जनपदीय मुख्यालय क्षेत्र के साथ-साथ ऐसे स्थान में चलाया जायेगा जहां अर्बन स्लम, झुग्गी झोपड़ी तथा अर्बन पुअर निवास करते हो। इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर भी सारथी वाहन संचालित किये जायेगें। जो नगरीय क्षेत्र व समस्त ब्लाक के राजस्व ग्रामों में परिवार नियोजन संबंधी जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर डॉ० श्रीमोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ० निरंजन सिंह नोडल अधिकारी परिवार नियोजन, डॉ० पवन जायसी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# शान-ओ-शौकत से रमजानपुर में ठिलिया उठने के बाद मेला शुरू

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के रमजानपुर में हजरत गूंगे शाह साहब रहमतुल्लाह अलैह के उर्स पर उत्तर प्रदेश का मशहूर और कदीमी मेला व नखासा 17 जनवरी से शुरू हो गया है। जो 3 मार्च तक चलेगा।

जिसमें माघ माह के प्रथम रविवार आज 19 जनवरी 2025 को प्रशासनिक व्यवस्था के साथ शान ओ शौकत से ठिलिया (गागर) उठी। ठिरिया रमजानपुर गांव में सलमान जमीर उर्फ चाँद मियां पूर्व मेला कमेटी अध्यक्ष की कोठी पर पहुंची जहां पर उन्होंने सज्जादनशीन अफराद उर्फ छोटे मियां का गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया फूलों के हार डाले मुंह मीठा किया ठिरिया जामा मस्जिद आदि निर्धारित स्थानों से होते हुए दरगाह पहुंची जिसमें हजारों अकीदतमंद उलमा, सूफ़ियों मशायक शोओरा अदीब शरीक हुए और मुल्क के मशहूर कव्वाल की जोकियां बज्म ए शमा में शरीक होकर उर्स को बुलंदियों पर पहुंचाया।



नुमाइश में हर साल हर किस्म के मवेशी करेंग, घोड़े, भैंस आदि लकड़ी के फर्नीचर तख्त पटा बेलन कप प्लेट आदि दहेज का समान भी यहाँ उपलब्ध रहता है बच्चों ने खूब झूलो आनंद लिया यहाँ दरी कंबल लिहाफ अन्य प्रदेशों के दुकानदार भी यहां अपनी दुकान लगाते हैं आज से ही मेले में खरीदारी होने लगी लोगों ने खजला हलवा पराठा चाट पकौड़ी जमकर खायी भारी तादाद में खरीद फ़रोख्त हुई। मुल्क के हर हिस्से के व्यापारी मवेशी व दिगर सामान खरीद फरोख्त के लिए शिरकत करते हैं। जगह-जगह लंगर खाने में लोगों ने लंगर खाया यात्रियों के कयाम, रोशनी, मुफ्त पानी, हिफाजत, तफरियात का इंतजाम किया जाता है। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त रहा मेले में अस्थाई कोतवाली बनाई गई है, जहां कादर चौक थाना प्रभारी उदयवीर सिंह, एसएसआई कमलेश सिंह, एसआई हरिओम राजपूत पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे महिला पुलिसकर्मी भी सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहीं हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत, प्रधान मुत्तलिब भाईया, रमजानपुर के लोकप्रिय पूर्व एसआई निहाल उद्दीन, पूर्व प्रधान चुन्नू मियाँ, अख्तर खान, बब्बन खान, नूरुद्दीन, इंतजार हुसैन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ओमकार सिंह बोले- इस समय संविधान गंभीर खतरे में

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** प्रांतीय अव्हान पर पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान पर ब्लॉक सलारपुर के ग्राम पलिया झंडा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोरध्वज राजपूत की अध्यक्षता में उनकी चौपाल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमकार सिंह विशिष्ट अतिथि राम रतन पटेल जिसका संचालन इगलास हुसैन ने किया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा अमित शाह ने अंबेडकर का मजाक उड़ाया जाति भेदभाव के खिलाफअंबेडकर के प्रयासों का अपमान किया। करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का मजाक उड़ाया, जो अंबेडकर को पूजते हैं। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पर हमला 17 दिसंबर 2024 को संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने अंबेडकर का अपमान किया। संविधान, जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर आधारित है, गंभीर खतरे में है। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य राम रतन पटेल ने कहा संविधान सभा की बैठकें 6 दिसंबर 1946 को शुरू हुई। संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया। 19 नवंबर 1939 को महात्मा गांधी के बयान ने संविधान निर्माण की नींव रखी। गांधी ने जनभावना को दर्शाने वाले स्वदेशी संविधान की आवश्यकता को पहचाना। अंबेडकर ने संविधान के सुचारू रूप से अपनाने में कांग्रेस के अनुशासन की सराहना इस अवसर पर जिला महासचिव इख्लाश हुसैन ने कहा 30 नवंबर 1949 को, आरएसएस के साप्ताहिक ऑर्गनाइजेशन ने संविधान को अभारतीय बताया। मनुस्मृति को आदर्श प्राचीन कानून के रूप में प्रचारित किया। 12 दिसंबर 1949 को आरएसएस ने महिलाओं के समान अधिकारों का विरोध करते हुए अंबेडकर का पुतला जलाया।




# प्रचार समिति में विद्यार्थियों ने ली सदस्यता, हिन्दी उत्थान को करेंगे काम

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिन्दी प्रचार समिति द्वारा 11 विद्यार्थियों को समिति का सदस्य बनाकर हिन्दी उत्थान के कार्य के लिए शपथ दिलाई गई। समिति प्रधान संयोजक पवन शंखधार ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है। इसलिए ये युवा विद्यार्थी ही हिन्दी के लिए कुछ कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समिति से जोड़कर हिन्दी को बोलना हिन्दी में कार्य करना हिन्दी में हस्ताक्षर के लिए प्रोत्साहित करना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जनपद के प्रत्येक इण्टर कालेज डिग्री कालेज में भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता कराकर विद्यार्थियों को हिंदी के लिए समर्पित कार्यक्रम समिति करेगी। इससे विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। आज जिस तरह अंग्रेजियत का बोलबाला बढ़ा है। इस पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो हमारी मातृभाषा संकट में आ सकती है। अंग्रेजी पढ़ना बोलने का समिति विरोध नहीं करती है लेकिन अपनी मातृभाषा को भूलना गलत होगा। आज विद्यार्थी हिन्दी अंकों को भूलते जा रहे हैं जो कि बहुत गलत है। समिति इन विषयों को लेकर विद्यालयों में जाएगी और छात्र छात्राओं को जागरूक करेगी। इस अवसर दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।



# बिसौली में कोकीन तस्करी में पूर्व मंत्री के पुत्र समेत दो गिरफ्तार

## आरोपी की पत्नी है जिला पंचायत सदस्य

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में दिल्ली नारकोटिक्स टीम ने रविवार देर रात बिसौली कोतवाली क्षेत्र से कोकीन तस्करी के मामले में बिल्सी के बेहटा गुंसाई से जिला पंचायत सदस्य यावित्री मौर्य के पति शिवदयाल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नारकोटिक्स टीम दोनों को अपने साथ दिल्ली ले गई। बता दें कि शिवदयाल के पिता गेंदनलाल मौर्य मंत्री रहे थे।



बिसौली कोतवाली क्षेत्र के छह से ज्यादा गांव हवाला कारोबार एवं मादक पदार्थों की तस्करी के लिए चर्चित हैं। यहां आए दिन किसी न किसी राज्य की पुलिस छापेमारी करती रहती है। रविवार रात बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मदनजुड़ी में दिल्ली नारकोटिक्स टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ दबिश दी। मदनजुड़ी पूर्व मंत्री का पैतृक गांव है।

नारकोटिक्स टीम ने पूर्व मंत्री एवं बसपा सरकार में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय गेंदनलाल मौर्य के बेटे शिवदयाल मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम ने अतरपुरा गांव में दबिश दी। यहां से शिवदयाल के ही ममेरे भाई अतर सिंह उर्फ कर्तव्य पुत्र तेजपाल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में खलबली मच गई। शिवदयाल की पत्नी यावित्री मौर्य मौजूदा समय में बिल्सी के बेहटा गुसाई से जिला पंचायत सदस्य हैं। शिवदयाल की गिरफ्तारी से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। चर्चा है कि शिवदयाल लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था, लेकिन राजनैतिक परिवार से जुड़ा होने के चलते उसपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बिसौली कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि नारकोटिक्स टीम ने दिल्ली में दो आरोपियों को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों ने शिवदयाल और कर्तव्य से कोकीन खरीदने की बात कबूली थी। टीम वहां पकड़े गए आरोपियों को यहां लेकर आई थी। दोनों ने शिवदयाल और कर्तव्य को पहचान लिया। इसी आधार पर नारकोटिक्स टीम दोनों को गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई।

### एसडीएम और सीओ ने सुनीं समस्याएं



**बिसौली।** तहसील समाधान दिवस में एसडीएम राशि कृष्णा व सीओ संजीव कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुन कर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। सोमवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में एसडीएम राशि कृष्णा ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण करें। सीओ संजीव कुमार ने निर्देशित किया कि गांव में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर कार्रवाही अमल में लाई जाएगी। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, नायब तहसीलदार सृजन यादव, एसडीओ मेराज अहमद, कृषि विभाग से नेत्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# असली पूर्वजों की है तलाश



आजकल की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के चलते मुझ पर एक बोझ आ गया है। इन दिनों मैं अपने असली पूर्वजों की तलाश में हूं। कहां गए वे लोग। हमारे पूर्वज शर्तिया तौर पर महान थे, तभी तो स्वयं दुनिया से चले गए और मुझे छोड़ गए हैं कि बेटा झेलो इस कदम-कदम पर धोखा देने वाली जालिम दुनिया को। आज आलम यह है कि जिसकी गोद में बैठो, कल वही पलट कर सीने पर सवार हो जाता है।

कल मैंने जैसे ही अपने कदम घर से बाहर निकाले, डार्विन साहब टकरा गए। मैंने उनको अपनी समस्या बताई। वह मुझे एक किनारे ले गए और मेरे कान में फुसफुसाए, क्यों परेशान होते हो। मेरे और तुम्हारे पूर्वज एक ही थे और वे बंदर थे। मैं जब तक कुछ समझ पाता, उन्होंने आसमान की तरफअपना मुंह उठाया और एक नेता की तरह बोले, आदमियों के पूर्वज बंदर थे। मैंने उनसे पूछा कि मैं आपको दिखता क्या हूं? वह बोले, दिखते तो तुम आदमी ही हो, मगर हो नहीं। मुझे लगा कि मैं अब भी बंदर ही हूं। मैं ही क्या, सब हैं। एक डाल छोड़कर दूसरी डाल पर छलांग लगाने की हमारी प्रवृत्ति में कौन है, जो हमारे सामने टिक सकता है?

एक रोज हम जिस पेड़ की डाल के समर्थन से उस पर टिके हुए दिखते हैं, दूसरे दिन उसी को बुरी तरह हिलाते हुए वहां से छलांग लगा दिया करते हैं और अगले दिन हम फिर से आपको उसी डाल के सहारे टिके हुए नजर आते हैं। इससे लगता तो है कि हमारे पूर्वज बंदर ही थे, फिर भी विश्वास नहीं होता। आज समय ही ऐसा है कि इंसान का खुद पर से भरोसा उठ चुका है, फिर बंदर पर कैसे हो।

एक सज्जन मिले। वह बोले, शहमारे पूर्वज मनु थे।श् दूसरे मिले। उन्होंने कहा, शहम तो अमुक को मानते हैं। तीसरे ने कहा, हम तो फलां की औलाद हैं। एक ने दूसरे को कुछ समझाया। दूसरे ने तीसरे को कुछ समझाया। तीसरे ने पहले को समझाया। किसी की समझ में कुछ भी नहीं आया। उनमें से किसी ने भी अपने पूर्वजों को नहीं देखा था।

प्रश्न यह था कि जिसे देखा ही नहीं, उसे कैसे अपना पूर्वज मान लें। एक ने कहा, तुम मेरे पूर्वज को अपना पूर्वज मानो। दूसरे ने ताल ठोकी, तुम्हारे पुरखे होंगे तुम्हारे, मैं तुम्हारे को अपना क्यों मानूं। मामला जातियों की उत्पत्ति और उनकी गणना तक पहुंच गया। वह तो एक समझदार आदमी ने बीच-बचाव कर दिया, वरना तीनों उसी ठौर अपना-अपना नाम पूर्वजों की गुजरी पीढ़ी में लिखवाने पर उतारू थे।

एक व्यंग्यकार ने मेरी कठिनाई को जाना और बताया कि हम व्यंग्यकारों के पूर्वज तो कबीरदास थे। तुम्हें सीधा उन्हीं से संपर्क स्थापित करना चाहिए। मैने कहा, शिमलेंगे कहां?श् वह बोला, जिंदा न सही, प्रासंगिक तो हैं। साहित्यकार अपनी रचनाओं में जीवित रहते हैं, क्योंकि जो अप्रासंगिक है, वह मृतक समान है और जो वक्त-जरूरत पर काम आए, उसे ही जीवित समझना चाहिए। मैं कबीरदास की खोज में रम गया।

आखिरकार एक दिन वह सपने में प्रकट हो गए। वह कुछ बुन रहे थे और गाते जा रहे थे, अरे, इन दोउन राह न पाई। मैंने उनसे सवाल किया कि किन दोनों ने महाराज! कबीर ठठाकर हंस पड़े, यही राजनीतिक दलों के लोग। कभी एक साथ रहते हैं, कभी अलग-विलग। इनकी तो माया ही निराली है। माया महा ठगनी हम जानी! मगर मैं इन सबको अच्छी तरह जानता हूं। कबीरदास ने गर्दन उठाई और कहने लगे, ये लोग गुरु-गोविंद दोऊ खड़े, काको लागूं पांय के चक्कर में मरे जा रहे हैं, क्योंकि दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय।

मैंने लपककर उनके पैर छू लिए। लगा, यही मेरे सच्चे पूर्वज हैं। मुझे अब कहीं और भटकने की कोई जरूरत नहीं है। कबीर पहले भी कह गए हैं, जल में कुंभ, कुंभ में जल है, बाहर-भीतर पानी। इन दिनों राजनीतिक विचारधाराओं का घालमेल देखकर मुझे भी कुछ ऐसा ही लग रहा है कि हमारे पूर्वज भी मिल जाते तो वह भी इससे अलग क्या ही कहते!


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।

पिन कोड-243601

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


# कारगर योजना, संपत्ति कार्ड के जरिए ग्रामीणों की मुश्किल हुई आसान




ग्रामीण आबादी को उसकी जमीन के मालिकाना हक का प्रमाणपत्र देने वाली स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री की ओर से 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए जाने से यही रेखांकित हुआ कि यह योजना सही दिशा में बढ़ रही है। गत दिवस वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश के करीब 230 जिलों के 50 हजार गांवों के लोगों को संपत्ति कार्ड वितरित किए गए, लेकिन यह उल्लेखनीय है कि अब तक इस योजना के तहत तीन लाख से अधिक गांवों में सर्वे पूरा किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 92 प्रतिशत है।

इसके साथ ही 1.53 लाख गांवों के लगभग 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार भी कर लिए गए हैं। ऐसी किसी योजना की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि ग्रामीण भारत में बड़ी संख्या में जमीन से जुड़े विवाद देखने को मिल रहे थे। उनके चलते झगड़े होना आम बात थी। कभी-कभी ये झगड़े हिंसा और हत्या का कारण भी बन जाते थे। यह किसी उपलब्धि से कम नहीं कि जिन ग्रामीण इलाकों में संपत्ति कार्ड वितरित हो गए हैं, वहां जमीन से जुड़े विवादों में कमी देखी जा रही है। इस योजना का उद्देश्य केवल ग्रामीणों को उनकी जमीन का स्वामी होने का प्रमाणपत्र देना ही नहीं है। इसका उद्देश्य यह भी है कि ग्रामीण इस प्रमाणपत्र के सहारे लोन ले सकें और जमीन की बिक्री कर सकें। संपत्ति कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन का आकलन करने और सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने में भी सहायक हो रहे हैं। इस कार्ड के जरिये ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी हो रही है। ऐसी किसी योजना की आवश्यकता संयुक्त राष्ट्र ने जताई थी। उसने अपने अध्ययन में यह पाया था कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति और विशेष रूप से घर और जमीन के कानूनी दस्तावेज ही नहीं हैं। ऐसे देशों में भारत की भी गिनती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र का यह भी कहना था कि यदि गरीबी कम करना है तो लोगों को संपत्ति का अधिकार देना आवश्यक है।

इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड़ महामारी के दौरान इस योजना को शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद कई राज्यों में प्रयोग के तौर पर इस योजना की शुरुआत की गई। प्रायोगिक सफलता ने इस योजना को बड़े पैमाने पर शुरू करने का मार्ग प्रशस्त किया। इस योजना में ड्रोन सर्वे, जीआइएस और अन्य अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, ताकि जमीन के स्वामित्व को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा सके। जब जमीन का स्वामित्व स्पष्ट हो जाता है तो केवल विवाद की गुंजाइश ही कम नहीं हो जाती।

# सरकारी कामकाज की गुणवत्ता का सवाल, कर्मचारियों की जवाबदेही भी बढ़े




आखिरकार केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी। पिछले कुछ समय से इसकी संभावना जताई जा रही थी, क्योंकि पिछला वेतन आयोग मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित हुआ था, जिसकी सिफारिशों पर अमल मोदी सरकार ने 2016 में किया था।

आठवां वेतना आयोग गठित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें उन सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों पर गर्व है, जो विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। इस फैसले के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं, क्योंकि दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और यहां बड़ी संख्या में केंद्रीय सरकार के कर्मचारी और पेंशनधारक रहते हैं। यह भी ध्यान रहे कि आम तौर पर दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के वेतन में केंद्रीय वेतन आयोग के साथ वृद्धि होती है और दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली पुलिस आदि विभागों के कर्मचारी भारत सरकार के तहत ही आते हैं।

आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने से एक ओर जहां सरकारी कर्मियों की जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी, वहीं उपभोग को भी बढ़ावा मिलेगा, जिसका लाभ अर्थव्यवस्था को मिलेगा। जब-जब सरकारी कर्मियों के नए वेतनमान लागू हुए हैं, तब-तब देश में खपत बढ़ी है, क्योंकि ये कर्मी कभी घर खरीदते हैं और कभी कार अथवा अन्य वस्तुएं। यह भी एक तथ्य है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकारें लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के जतन करती रहती हैं। चूंकि केंद्र सरकार की ओर से गठित किए जाने वाले वेतन आयोग की सिफारिशों को राज्य भी मान लेते हैं, इसलिए उनका लाभ राज्य सरकार के कर्मियों को भी मिलता है।

आठवें वेतन आयोग के गठन के फैसले से केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मियों के साथ पेंशनधारकों का भी प्रसन्न होना स्वाभाविक है, लेकिन प्रश्न यह है कि आखिर सरकारी कर्मी जबावदेही के दायरे में कब आएंगे और उनकी कार्य कुशलता कब बढ़ेगी। यह जग जाहिर है कि केंद्र सरकार के कर्मी हों या राज्य सरकारों के, औसत सरकारी कर्मियों में जवाबदेही का अभाव दिखता है और वे मुश्किल से ही अपनी कार्यकुशलता और दक्षता के लिए जाने जाते हैं। देश की तमाम समस्याओं की जड़ में सरकारी कर्मियों के काम करने का कामचलाऊ तरीका ही है।

बात चाहे टूटी सड़कों की हो, बजबजाती नालियों की हो, पर्याप्त सफाई व्यवस्था के अभाव की हो, नदी-नहरों के प्रदूषण की हो, बदहाल सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं या फिर सरकारी विद्यालयों की हो अथवा सरकारी परियोजनाओं में देरी की- इन सभी समस्याओं के पीछे सरकारी कर्मियों की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार होता है। एक ओर सरकारी कर्मियों की अकर्मण्यता दूर होने का नाम नहीं ले रही है और दूसरी ओर उनके वेतन-भत्ते एक निश्चित अंतराल में बढ़ते जाते हैं। सरकारी खजाने पर पेंशन खर्च का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। सरकारी कर्मियों के नई पेंशन योजना से नाखुश होने और पुरानी पेंशन योजना की वापसी की मांग के चलते मोदी सरकार एकीकृत पेंशन योजना लेकर आई है। यह इसी साल अप्रैल से लागू होगी। इस योजना में सरकार का अंशदान बढ़ने वाला है। एक समय प्रधानमंत्री मोदी मिनिमम गवर्नमेंट-मैक्सिमम गवर्नेंस की बात करते थे। उससे ऐसा प्रतीत होता था कि इस पर अमल होगा और उससे सरकारी कर्मियों की जबावदेही बढ़ेगी, पर अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। यह सही समय है कि प्रशासनिक सुधार के लिए जिस आयोग का गठन हुआ था, उसकी अनुशंसाओं पर पूरी तरह अमल किया जाए। यह समझा जाना चाहिए कि सरकारी कामकाज की दशा सुधरे बिना देश को विकसित बनाने के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता। अपने देश में सरकारी नौकरियों का आकर्षण किसी से छिपा नहीं। तमाम युवा सरकारी नौकरी के लिए लालायित रहते हैं।

## खेल-खिलाड़ी

# आपके मन मुताबिक टीम में चयन नहीं होगा




**नई दिल्ली।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के अध्यक्ष जयेश जॉर्ज ने संजू सैमसन की आलोचना की है। यह माना जा रहा है कि सैमसन विजय हजारे ट्रॉफी में राज्य टीम की ओर से नहीं खेले थे जिस कारण उनका चौंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन नहीं किया गया। आईसीसी के इस टूर्नामेंट के लिए शनिवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया गया जिसमें सैमसन का नाम शामिल नहीं था। चौंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है। सैमसन की जगह ऋषभ पंत और केएल राहुल भारत के विकेटकीपर होंगे। सैमसन को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था क्योंकि उन्होंने राज्य की टीम के ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा नहीं लिया था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को ट्वीट कर केरल क्रिकेट संघ को घेरा था और उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। थरूर ने बताया कि कैसे सैमसन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के बीच में प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने में असमर्थता के बारे में केसीए को पहले ही सूचित कर दिया था।

थरूर ने एक्स पर लिखा, केरल क्रिकेट एसोसिएशन और संजू सैमसन की दुखद गाथा। सैमसन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के बीच प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने में असमर्थता पर खेद व्यक्त करते हुए केसीए को पहले ही लिखा था और इसके बाद वह तुरंत केरल की टीम से बाहर कर दिए गए। इसके चलते अब सैमसन को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। एक बल्लेबाज जिसका विजय हजारे में उच्चतम स्कोर 212' है, जिसका भारत के लिए वनडे मैचों में औसत 56.66 है, क्रिकेट प्रशासकों के अहंकार के कारण उसका करियर नष्ट हो रहा है। क्या केसीए मालिकों को यह बात परेशान नहीं करती कि संजू को बाहर करके उन्होंने यह सुनिश्चित कर दिया कि केरल विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भी न पहुंचे? यह उन्हें कहां ले जाएगा( हालांकि, केसीए अध्यक्ष जॉर्ज को लगता है कि यह एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। केसीए अध्यक्ष ने दावा किया कि सैमसन ने उन्हें एक संदेश भेजा था जिसमें कहा गया था कि वह ट्रेनिंग कैंप के लिए वहां नहीं होंगे, जिसके बाद बोर्ड को उनसे आगे बढ़ने और टीम की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने मीडिया वन से कहा, शमुझे नहीं पता कि यह सैमसन के चौंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से बाहर होने का कारण है या नहीं। उन्हें विजय हजारे टीम में इसलिए शामिल नहीं किया गया क्योंकि उन्होंने एक पंक्ति का संदेश भेजकर कहा था कि वह 30 सदस्यीय तैयारी शिविर के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हम सभी को लगा था कि वह टीम का नेतृत्व करेंगे क्योंकि वह हमारे सफेद गेंद प्रारूप के कप्तान हैं और उन्होंने सैयद मुश्ताक अली सीजन में भी नेतृत्व किया था।

# बांग्लादेश क्रिकेट में हाईवोल्टेज ड्रामा, चेक बाउंस मामले में शाकिब के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट



**नई दिल्ली।** ढाका की एक अदालत ने रविवार को बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर और राजनेता शाकिब अल हसन के खिलाफ आईएफआईसी बैंक से जुड़े एक चेक बाउंस मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब छात्र आंदोलन के दौरान अपदस्थ होने के बाद से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से विदेश में रह रहे हैं। इस वारंट में तीन अन्य व्यक्ति के नाम भी शामिल हैं।

ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जियादुर रहमान ने रविवार को यह आदेश जारी किया। 15 दिसंबर को शाकिब का नाम चेक धोखाधड़ी मामले में आया था। इसके बाद 18 दिसंबर को अदालत ने उन्हें प्रारंभिक सुनवाई के बाद 19 जनवरी को पेश होने का आदेश दिया था। आईएफआईसी बैंक के रिलेशनशिप ऑफिसर शाहिबुर रहमान ने बैंक की ओर से मामला दर्ज कराया, जिसमें शाकिब और तीन अन्य पर दो अलग-अलग चेकों के माध्यम से 4,14,57,000 बांग्लादेशी टका ट्रांसफर करने की प्रतिबद्धता का सम्मान करने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

इस मामले में शाकिब की कंपनी अल हसन एग्रो फॉर्म लिमिटेड, इसके प्रबंध निदेशक गाजी शहागीर हुसैन और निदेशकों इमदादुल हक और मलाइकर बेगम भी शामिल हैं। शाकिब की कंपनी ने कई बार आईएफ्आईसी बैंक की बनानी शाखा से धन उधार लिया था। केस स्टेटमेंट के मुताबिक, विचाराधीन चेक ऋण के हिस्से को चुकाने के लिए जारी किए गए थे, लेकिन अपर्याप्त धन के कारण अस्वीकृत हो गए थे। 2023 में शाकिब ने अवामी लीग में शामिल होकर राजनीति में प्रवेश किया था और पार्टी के टिकट पर सात जनवरी, 2024 के निर्विरोध चुनावों में मगुरा-1 निर्वाचन क्षेत्र जीता था। हालांकि, उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने कथित तौर पर जनता की नजर में उनके अनुग्रह से पतन की शुरुआत को चिह्नित किया था। शाकिब की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से घर पर अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का अंत करने की योजना बाधित हो गई थी क्योंकि उन पर बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के दौरान हत्या के मामले में आरोप लगाया गया था। उन्होंने सुरक्षा चिंताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पूछताछ की संभावना का हवाला देते हुए देश लौटने से इनकार कर दिया था। शाकिब के जल्द बांग्लादेश लौटने की संभावना नहीं है।

# चीनी मांझे की चपेट में आया बाइक सवार युवक



**नैनीताल।** धर्मनगरी में पतंगबाजी में चीनी मांझे का प्रयोग बंद होने नाम नहीं ले रहा। लगातार लोग चीनी मांझे की चपेट में आने से घायल हो रहे हैं। श्यामपुर में भी एक युवक काम से लौटते वक्त चीनी मांझे की चपेट में आ गया। इस दौरान उसके गले पर गहरे घाव हो गए। युवक को आनन फानन अस्पताल में भर्ती करवाया गया। युवक की गर्दन में 42 टांके आए हैं।

जानकारी के अनुसार, सुमित(2०) इब्राहिमपुर में एक स्टोन क्रशर पर जेसीबी ऑपरेटर का काम करता है। वह अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान अचानक मांझा उसकी गर्दन में लिपट गया। जिससे उसकी गर्दन पर गहरे घाव हो गए। वहीं, मामला सामना आने के बाद अज्ञात पतंगबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

चीनी मांझे में रोक के बावजूद भी धर्मनगरी में इस पर रोक नहीं लग पा रही है। पतंगबाज भी चीनी मांझे के प्रयोग करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। रविवार को चलती कार में अचानक चीनी मांझा आ गया। मांझे से कार के बोनट को नुकसान पहुंचा। वहीं, मांझा निकालते समय चालक का हाथ कट गया। देहरादून के नीरज कौशिक रविवार को हरिद्वार आ रहे थे। दोपहर करीब दो बजे ऋषिकुल के पास पहुंचे तो उनकी कार के सामने अचानक चीनी मांझा आ गया है। उन्होंने बताया कि मांझे से कार के बोनट को नुकसान हुआ है, जिसे ठीक करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ड्राइवर मांझा हटाने लगा तो उसका हाथ में भी कट लग गया। गनीमत रही की दोपहिया वाहन चालक नहीं आया। पहले ही सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हुए हैं। अगर कहीं कोई चीनी मांझा बेचा जा रहा है तो वहां छापामार मारकर उसे जब्त किया जाएगा। संबंधित दुकानदार के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

# कपड़े में लपेटकर झाड़ियों में फेंकी मिली बच्ची



**बागेश्वर।** जिले में नगर पालिका क्षेत्र के ठाकुरद्वारा वार्ड छह-सात दिन की बच्ची को कपड़े में लपेटकर झाड़ियों में फेंकी मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग उसे उठाकर अपने घर लाए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सोमवार को ठाकुरद्वारा वार्ड के नृसिंह मंदिर में पुजारी राकेश तिवारी पूजा करने गए थे। इसी दौरान उन्हें मंदिर के समीप की झाड़ियों से बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने समीप ही बकरी चुगा रहे आनंद सिंह मेहरा को इसके बारे में बताया और वार्ड निवासी रमेश तिवारी को भी सूचित किया। रमेश तिवारी मौके पर गए। तीनों ने मिलकर झाड़ी में देखा तो वहां एक कट्टे के भीतर कपड़ों से लिपटी बच्ची मिली। जिसे घर लाने के बाद उन्होंने दूध पिलाया। इस दौरान बच्ची के मिलने की सूचना के बाद वार्ड के कई लोग वहां एकत्र हो गए थे। तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाल कैलाश नेगी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बच्ची को जिला अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में डॉ. दीपाली मकवाना ने बच्ची की जांच की। उन्होंने बताया कि बच्ची करीब छह-सात दिन की है। फिलहाल उसे भर्ती कराया गया है। इधर बच्ची के मिलने के बाद नगर में पूरे दिन चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

# बिल्डर ने सिस्टम को ब्लैकमेल कर निकलवाई सर्विस रोड

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से बिल्डर बने एक व्यक्ति ने किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर अपना अरबो रुपए का प्रोजेक्ट साध लिया, दरअसल बिल्डर अपने प्रोजेक्ट के लिए रिंग रोड में अंडरपास और सर्विस रूट चाहता था, इन दोनों के नहीं बनने से उसका अरबों रुपए का आवासीय प्रोजेक्ट कूड़ा हो जाता, भाकियू ने 6 दिन तक रिंग रोड के बीच में धरना दिया, तो मजबूरन प्रशासन को यहां रिंग रोड देना पड़ा। इसका सीधा फायदा इस बिल्डर को और शहर के एक बड़े होटल व्यवसायी को पहुंचा है।रिंग रोड पर रास्ता मिलने से उनकी जमीन में रेट कई गुना तक बढ़ गए हैं। दरअसल दिल्ली रोड पर जीरो पॉइंट से नया मुरादाबाद होते हुए एक रिंग रोड बनाई जा रही है जो आगे उत्तराखंड को जाने वाली सड़क को कनेक्ट करेगी, इसी रिंग रोड पर कांठ रोड पर भटावली के पास 1० दिन पहले भाकियू के कुछ लोग अचानक धरना देकर बैठ गए, इन लोगों की मांग थी कि भटावली के पास में अंडरपास और रिंग रोड दी जाए किसानों की ओर से अचानक उठी इस मांगने प्रशासन को भी चकरा दिया, एनएचएआई ने कई बार मौके पर काम शुरू कराने की कोशिश की, लेकिन किसानों ने काम नहीं शुरू करने दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने जब अचानक सामने आए इस भाकियू प्रोटेस्ट की पड़ताल कराई तो पता चला कि इसके मूल में एक बिल्डर है, बताया जा रहा है कि सी ए का काम छोड़ बिल्डर बने इस बिल्डर ने बड़ी ही चालाकी से किसानों को आगे करके अपना लक्ष्य साधा। दरअसल रिंग रोड पास होने के बाद इस इलाके में आवासीय प्रोजेक्ट की संभावना को देखते हुए इस बिल्डर ने भटावली के आसपास बड़ा लैंड पैच खरीदा है।

रिंग रोड के दोनों साइड इसी बिल्डर की अरबों रुपए की लैंड है, बिल्डर इसी जमीन पर आवासीय प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहा है। रिंग रोड से अंडरपास और सर्विस रोड नहीं मिलती तो बिल्डर का यह प्रोजेक्ट कूड़े में मिल जाता उसका अरबों रुपए का नुकसान होता, सूत्रों का कहना है कि रिंग रोड पर हुए प्रदर्शन के पीछे यही बिल्डर है। गांव के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर अमर भास्कर को बताया कि रिंग रोड के दोनों साइड इसी बिल्डर की जमीन है अंडरपास और सर्विस रोड का सबसे ज्यादा फायदा भी इसी बिल्डर को पहुंच रहा है। जिस जगह किसानों ने प्रदर्शन करके रिंग रोड का निर्माण रुकवाया उसके करीब 5०० मीटर की दूरी पर शहर के बड़े होटल व्यवसायी की भी अरबो रुपए की जमीन है।

# मर्सिडीज से मजदूर को कुचलने वाले डॉक्टर को छोड़ा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नेशनल हाईवे पर थाने के ठीक सामने मजदूर को मर्सिडीज से कुचलने वाले डॉक्टर को पुलिस ने चंद मिनट में थाने से छोड़ दिया।

हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने डॉक्टर को पकड़कर मय गाड़ी के पुलिस के हवाले किया था, पुलिस डॉक्टर को थाने ले तो जरूर गई, लेकिन चंद मिनट बाद ही डॉक्टर को छोड़ दिया गया, अब थानेदार का तर्क है कि एक्सीडेंट में मौत के मामले में सजा 7 साल से कम है, इसलिए नोटिस देकर डॉक्टर को घर भेज दिया गया, इस मामले में मुरादाबाद के पाकबड़ा थाने के एसएचओ विनोद कुमार सिंह का कहना है कि नोटिस देकर छोड़ना विवेचक के अधिकार क्षेत्र में है, हालांकि एक्सीडेंट के बाकी कितने मामलों में आरोपियों को नोटिस देकर थाने से इस तरह छोड़ दिया जाता है, इस सवाल पर एसएचओ चुप्पी साधे रहे, दरअसल आंकड़े बताते हैं कि एक्सीडेंट जैसे इस तरह के मामलों में पुलिस उन्हीं स्पेशल केस में आरोपियों को थाने से छोड़ती है, जिनमें आरोपी रसूखदार हों। थाने के ठीक सामने डॉक्टर की मर्सिडीज ने एक मजदूर को कुचलकर मार दिया, लेकिन पुलिस ने इस मामले में मौके से पकड़े गए डॉक्टर का मेडिकल तक कराना जरूरी नहीं समझा, जिससे यह पता चल पाता की हादसे के वक्त डॉक्टर ने कहीं अल्कोहल का सेवन तो नहीं किया था। डॉक्टर का मेडिकल नहीं कराये जाने के सवाल पर भी पाकबड़ा एस एच ओ ने चुप्पी साथ रखी है।हादसा रविवार को दोपहर करीब 3रू०० बजे हुआ, एनएचएआई की ओर से मजदूरों की टोली लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर पाकबड़ा थाने के ठीक सामने पुल पर बनी डिवाइडर पर पेंट का काम कर रही थी। अमरोहा जिले के गजरौला का रहने वाला दयाचंद (5० साल) नाम का मजदूर हाथ में झंडी लेकर वाहन चालक को दिखा रहा था। ताकि वाहन चालकों को यह संकेत दे सके की पुल पर काम चल रहा है।

## सार-संक्षेप

### शान-ए-कुन्दरकी ब्लड ग्रुप की टीम को किया गया सम्मानित



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** शान-ए-कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन सम्मानित समारोह में चेयरमैन हाजी हसमत राजा उस्मानी ने रिजवान अशरफी को उमरा भेजने का किया ऐलान हिंदुस्तान के मशहूर युटुब भाई अब्दुल्ला पठान भाई ईशान अली एजाज अली हाजी हसमत राजा उस्मानी ने शान-ए-कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन टीम को किया सम्मानित सोल और सिल्ड देकर बड़ी तादाद में किया सम्मानित रिजवान अल्वी अशरफी ने सभी आए हुए मेहमानों का, इस्तकबाल किया।

बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे शान-ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन संस्थापक मोहम्मद रिजवान अरबी अशरफी मुशाहिद शाह कुंदरकी चौकी प्रभारी राजनाथ सिंह अध्यक्ष पद प्रत्याशी हाजी हसमत राजा उस्मानी भाई अब्दुल्ला पठान ईशान अली इजाज अली माजिद अली एडवोकेट सलीम खान सैयद अरशद खान जाने आलम प्लंबर हाफिज फरहान अलीम जीशान समीर बबलू भारतीय गौ रक्षा सेना के जिला अध्यक्ष मोहम्मद ईशा खान शाने आलम मीडिया प्रभारी , शफी आलम इंडियन ब्लड डोनर्स के संस्थापक नावेद शान भी मौजूद रहे।

### घास लेने जंगल गई महिला पर गुलदार ने किया हमला



**उत्तराखंड।** टिहरी में प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी ओण के भेलुंता मे गुलदार ने दिनदहाड़े एक महिला पर हमला कर दिया। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, मंजू देवी(32) पत्नी रविंद्र राणा जंगल घास लेने गई थी। इस दौरान घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। महिला के साथ घास लेने गई अन्य महिलाओं ने हल्ला कर किसी तरह महिला को गुलदार के चंगुल से बचाया और परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन महिला को लेकर सीएचएसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया। डाक्टर हर्ष वर्मा ने बताया महिला का सिर, मुंह और शरीर कई जगह गुलदार के नाखून से जख्मी हुआ है। नाजुक स्थिति को देखते हुए मिहला को रेफर किया गया है।

# चुनावी रंजिश में बवाल, ताबड़तोड़ अंदाज में चलाई गोलियां



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चुनावी रंजिश में छत से फायरिंग की गई पहले पत्थर फेके, फिर फिल्मी अंदाज में दो युवकों ने ताबड़तोड़ अवैध असलहे से फायर किया। इनमें एक युवक जख्मी हो गया, घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया, खुलेआम फायरिंग पथराव की सूचना मिली तो पुलिस के हाथ पैर फूल गए, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी घर में ताला बंद करके भाग गए, फायरिंग में एक युवक जख्मी हुआ वारदात रविवार दोपहर कटघर थाना क्षेत्र के सिरसा इनायतपुर की है, लेकिन वीडियो आज सामने आया। छतों से फायरिंग की गई, पुलिस ने अमर भास्कर को बताया गांव में दो परिवारों में प्रधानी चुनाव से रंजिश है, एक परिवार चांद बाबू का और दूसरा अफसर अली का है, दोनों ने प्रधानी का चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों हार गए तब से कई बार दोनों परिवारों में विवाद हो चुका है। 2 महीने पहले अफसर अली के बेटे पर लड़की से रेप का आरोप लगा था वह जेल में बंद है इस घटना को लेकर रविवार को भी दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ। दोनों के घर आमने-सामने है मामला इतना बढ़ गया कि दोनों परिवार छत पर आ गए एक दूसरे पर पहले पत्थर और फिर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग करते हुए का वीडियो भी सामने आया है इसमें चांद बाबू के घर से उसके लड़के छत से पत्थर और फायरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अफसर अली के घर पर करीब आधे घंटे तक फायरिंग की, गोली लगने से अफसर अली का बेटा सलीम घायल हो गया, वारदात के बाद फायरिंग वाली गली में अब सन्नाटा पसरा है। दोनों पक्ष घरों पर तारे लगाकर फरार हो गए हैं। अफसर अली की बेटी सिम्मी ने पुलिस पर भी पक्षपात करने के आरोप लगाए, पंडित नगला चौकी के दरोगा दीपक चौहान आए थे। उन्होंने कहा तुम बहुत बोल रही हो जिसकी वजह से हमें घर छोड़कर भागना पड़ा। इसके बाद हम लोग घर से निकल गए थे। रात में जब लौटकर देखा तो घर का सामान सब कुछ बिखरा पड़ा था, मेरी बकरी भी मार दी थी,दरोगा जी चांद बाबू के खास भाई हैं, जब भी गांव में आते हैं तो नाश्ता करके जाते हैं। अफसर अली की बेटी सिम्मी ने कहा चौकी इंचार्ज दीपक चौहान ने दूसरे पक्ष की बात तो पूरी तसल्ली से सुनी लेकिन हमारे घर जाकर सीधी तोड़फोड़ शुरू कर दी। कठघर इंस्पेक्टर संजय कुमार ने अमर भास्कर को बताया कि फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दोनों पक्ष के लोग घर में ताला बंद करके भाग चुके थे। घायल युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने कोई एप्लीकेशन नहीं दी, पुलिस ने खुद ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों की तलाश की जा रही है। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया, फायरिंग पथराव करने की घटना में पुलिस ने अपनी ओर से मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों को तलाश किया जा रहा है, जल्द सभी को गिरफ्तार करके फायरिंग में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव में एक चांद बाबू और दूसरा अफसर अली का है दोनों में पुराना विवाद है रविवार को किसी मुकदमे में समझौते के लिए दोनों में टकराव हुआ था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्ष घरों में ताला डालकर गांव से फरार हो गए।

# लघु उद्योग विकास परिषद की मीटिंग का किया गया आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** रविवार को लघु उद्योग विकास परिषद के पदाधिकारियों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन संभल जिले के तहसील चंदौसी में निकट रोडवेज बस स्टैंड अंबेडकर पार्क में किया गया।

मीटिंग में लघु उद्योग को लगाने के विषय में जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि लघु उद्योग लगाकर हम अपना जीवन कैसे व्यतीत कर सकते हैं और कैसे लाभ कमा सकते हैं। इसी क्रम यह भी बताया गया कि युवाओं को लघु उद्योग लगाने पर विशेष फल देना चाहिए क्योंकि नौकरी प्रत्येक व्यक्ति को नहीं मिल पा रही है, ऐसे में लघु उद्योग ही युवाओं का सहारा बन सकते हैं। जिसमें जिला प्रबंध निर्देशक सत्यदीप और जिला पर्यवेक्षिका श्रीमति अंजली गौतम का आगमन हुआ, जिन्होंने अपनी संस्था के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा इस मीटिंग का संचालन सचिन सागर सहायक प्रखंड निर्देश बनिया खेड़ा द्वारा किया गया तथा इसमें प्रशांत कुमार, दिनेश कुमार, साक्षी, जूली, निशा रानी, अनमोल, नवलेश, साक्षी, प्रदीप कुमार, अखिलेश कुमार, कुमारी रजनी, तथा जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार देर रात एक युवक की डेड बॉडी जंगल में पेड़ पर लड़की मिली। युवक शाम को मोबाइल पर एक कॉल आने के बाद घर से निकला था,देर तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रात में 12 के बाद युवक का शव जंगल में पेड़ पर लटका मिला। वारदात मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र में गांव मिलक नगलिया जट की है, इस गांव का रहने वाला मनोज (2० साल) रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला था, पर परिजनों ने बताया कि मनोज ट्रक ड्राइवर था, रविवार की शाम लगभग 5 बजे मनोज के मोबाइल पर किसी की कॉल आई थी, इसके बाद मनोज घर वापस नहीं लौटा, देर रात एक ग्रामीण ने मनोज का शव पेड़ पर लटका देखा, सूचना मिलते ही बिलारी के सीओ राजेश तिवारी और कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मनोज घर में सबसे छोटा था। मनोज के पेड़ से लटके होने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, ग्रामीणों ने बताया कि मरने से पहले मनोज ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी अपलोड की थी।

# डीएम एसपी की अध्यक्षता में सम्पुर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गुन्नौर।** जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में ष्संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया एवं फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बहजोई।** अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अनुकृति शर्मा ने व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन किया जिसमें जिले के सभी व्यापारी संगठनों ने भाग लिया जिसमें अनुकृति शर्मा ने सभी व्यापारियों से कहा की आपके दुकानों प्रतिष्ठानों पर जितने भी ग्राहक आएं उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दें और हेलमेट और सीट बैल्ट का महत्व समझाएं। व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा जिससे चाइनीज मांझे से अभी हाल ही में हुई घटनाओं की पुनरावृति न हो। इसी क्रम में अभाउ व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नाजिम सैफी ने सम्भल में जगह जगह हो रही।

पुलिस चेकिंग से ग्राहकों में भय व्याप्त है जिससे व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। हाजी एहतेशाम ने बाजार में हो रही पर्स चोरी की घटनाओं पर प्रतिबन्ध लगाने को कहा और चंदौसी से आए जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने चंदौसी में पिंक चौकी की स्थापना कराने को कहा जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने बाजार में पालतू पशुओं के गोवर से नालियों के अवरुद्ध होनी की समस्या से निजात दिलाने को कहा। इस अवसर मुशब्बीर चौधरी, आसिफ मो फहीम, मो मियां, मुजम्मिल, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी उप निरीक्षक यतेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक अरुन कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# लापता वृद्ध का शव जंगल में मिलने से सनसनी

## मृतक के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, थाने में दी तहरीर





अमर भास्कर ब्यूरो

नजीबाबाद। दो दिन से लापता एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव ग्राम नयागांव के जंगल में मिला है। जिसकी पहचान शिवकिशन नाथ नजीबाबाद निवासी के रूप में हुई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है।

लगभग 55 वर्षीय एक व्यक्ति का शव नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव के जंगल में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर अलीपुर निवासी जुल्फिकार पुत्र जमीर अहमद उम्र करीब 55 वर्ष के रूप मे हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना नजीबाबाद में शनिवार को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी जिसमे कहा गया कि थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर अलीपुर निवासी जुल्फिकार पुत्र जमीर अहमद अपने घर से अचानक लापता हो गया। रविवार को जुल्फिकार का शव राजेंद्र पुत्र हरकेश ग्राम नयागांव निवासी थाना क्षेत्र नगीना देहात के जंगल में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना नगीना देहात पुलिस को दी। सूचना पर नगीना देहात पुलिस तथा क्षेत्राधिकारी थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि मृतक के चेहरे व पांव पर नीले निशान पड़े हुए थे। घटना की संबंध में ग्रामीणों से पुलिस ने पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। उधर नजीबाबाद थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने बताया मृतक के परिजनों ने थाने मे तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## श्री मोहन क्लिनिक पर लगाया गया नाक, कान, गला रोगियों के लिए निशुल्क जांच कैंप



अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। नगर स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने गणपति मार्केट में श्री मोहन क्लीनिक पर ओ आर एल इंटरनेशनल अस्पताल नई दिल्ली की ब्रांच धामपुर के डॉक्टर डॉ धीरेंद्र सिंह कुशवाहा व उनके सहयोगी डॉक्टर टीकम सिंह द्वारा नाक, कान, गले के मरीजों के 48 मरीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा कान के पर्दे में छेद, कान से मवाद/खून आना, नाक के मांस का बढ़ जाना, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, ऐलर्जी, नज़ला गले में ट्यूमर, टॉसिल, कान से कम सुनाई आने का इलाज किया जाता है। डॉ टीकम सिंह ने कहा कि यह सभी शरीर के अनमोल अंग है इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करनी चाहिए। इस मौके पर श्री मोहन क्लीनिक केएमडी डॉ अशोक शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एसडीएम ने सुनी समाधान दिवस में जनता की शिकायते



अमर भास्कर ब्यूरो

नगीना। तहसील समाधान दिवस में कुल 13 शिकायतें दर्ज हुई। जानकारी के अभाव में शिकायत करने वाले लोग समाधान दिवस में कम संख्या में पहुंचे। शनिवार को घरौली वितरण कार्यक्रम के कारण समय बदला गया था। सोमवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 13 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर 2 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका शेष सभी 11 शिकायतें संबंधित विभागों को गुणवत्ता पूर्वक समय से निस्तारण के लिए भेज दी गई इस अवसर पर तहसीलदार प्रभा सिंह, सीओ भरत सोनकर, नायब तहसीलदार अजब सिंह, बीडीओ मानवीर सिंह, एसडीओ विधुत रामकेश सिंह बीईओ इंद्रजीत सिंह, नगर पालिका ईओ संदीप सैक्सैना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल क्षेत्र के सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

### भाकियू ने एसडीएम को सौंपा 17 सूत्रीय मांग पत्र

नगीना। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को 17 सूत्री एक मांग पत्र सौंप कर किसानों की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की।सोमवार को भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव चौहान के नेतृत्व में एसडीएम मांगे राम चौहान को सौंपे गये मांग पत्र में तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय में अवैध वसूली पर रोक लगाने, श्यालीपुर कोटरा का पुल बनवाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी से वंचित रहने वाले किसानों को सम्मान निधी का लाभ दिलाने, पेट्रोल पंप पर घटतौली रोकने, गैस ऐजेंसियों द्वारा गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के नाम पर अधिक पैसे वसूलने पर रोक लगाने, जल निगम द्वारा तोड़ी गई सड़कों को ठीक करवाने, सरकारी व प्राईवेट बैंको में बिचौलियों द्वारा की जा रही धन उगाही पर अंकुश लगाने, ग्राम पंचायतों में किये जा रहे पौधारोपण की जानकारी भारतीय किसान यूनियन को देने, स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाने, पशु अस्पतालों की दशा सुधारने तथा गन्ना सेंटरों पर घटतौली रोकने आदि समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है।



# धामपुर निवासी शाकिर अंसारी को निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के लिए मेरठ में किया गया सम्मानित

▶▶ उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के पश्चिमी वर्किंग कमेटी की कॉन्फ्रेंस में मिला सम्मान ▶▶ कॉन्फ्रेंस में यूपी के 20 स्वर्गीय नेताओं को अंसारी रत्न अवार्ड से नवाजा



अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के पश्चिमी जोन सहारनपुर से सीतापुर तक के वर्किंग कमेटी के सदस्य व पोस्ट होल्डर की मेरठ में आयोजित कॉन्फ्रेंस में धामपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अंसारी को निर्भीक, निष्पक्ष एवं इमानदार पत्रकारिता के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महामंत्री अय्यूब अंसारी व युवा जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी को भी सम्मानित किया गया। मेरठ में बुढ़ाना रोड स्थित अपार चैंबर में हुई शानदार कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी द्वारा उत्तर प्रदेश के 20 उन स्वर्गीय नेताओं को अंसारी रत्न अवार्ड से नवाजा गया, जिन्होंने अंसारी समाज के लिए और उसके उत्थान के लिए बेपनाह कोशिश की है। उनके द्वारा वर्किंग कमेटी के साथ सदस्यों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान जनपद बिजनौर के वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अंसारी को निष्पक्ष, निर्भीक एवं इमानदार पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। वही ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महामंत्री अय्यूब अंसारी व जिला बिजनौर के युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद अंसारी को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अंसारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। धामपुर निवासी शाकिर अंसारी को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किए जाने पर शाकिर अंसारी को उनके मित्रों दोस्तों शुभचिंतकों ने दिल से मुबारकबाद पेश की है।

## क्षेत्र में लगातार जारी है हरे भरे पेड़ों का कत्लेआम



अमर भास्कर ब्यूरो

चांदपुर। जनपद बिजनौर में लाख कोशिशें के बावजूद भी हरे-भरे पेड़ों का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिसके चलते वन विभाग निष्क्रिय साबित हो रहा है ताजा मामला चांदपुर क्षेत्र में देखने को मिला है जहां ग्राम मीरापुर,ग्राम हीमपुर बुजुर्ग की ग्राम समाज की 0.1890 हेक्टेयर जमीन पर खड़े लगभग 40-50 पेड़ों की अवैध रूप से कटवा देने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मीरापुर के सतीश (पुत्र सुरेश), महेश (पुत्र रामस्वरूप), नरेश (पुत्र राजाराम), और राकेश (पुत्र रामस्वरूप) ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। इस भूमि पर खड़े लगभग 40-50 पेड़ों को इन व्यक्तियों ने कटवाकर बेच दिया। इन पेड़ों की अनुमानित कीमत पांच लाख बताई जा रही है। यह घटना चांदपुर पुलिस और वन विभाग की जानकारी के बिना अंजाम दी गई। स्थानीय निवासी इन व्यक्तियों के दबदबे के कारण शिकायत करने से डर रहे हैं। ग्राम मीरापुर के चार व्यक्तियों द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया। 40-50 पेड़ों को बिना किसी अनुमति के काटा गया।अनुमानित पेड़ों की कीमत पांच लाख आंकी गई है। दबंगों के डर से गांव वालों ने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस और वन विभाग इस मामले की गहन जांच करें और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करें। अवैध रूप से कटे पेड़ों की भरपाई और ग्राम समाज की जमीन का पुनः संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गांव में भयमुक्त माहौल बनाया जाए। वन विभाग और पुलिस को इस प्रकार की घटनाओं पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए जाएं। इस घटना से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हुआ है और ग्राम समाज की संपत्ति को हानि पहुंचाई गई है। प्रशासन और स्थानीय निकायों को तत्काल कदम उठाकर न केवल इस मामले को हल करना चाहिए, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय भी करने चाहिए।

# अंजुमन फैज़-ए-आम वैलफेयर ट्रस्ट ने मनाई 5वीं वर्षगांठ






## डॉक्टर सलमान भारती व डॉक्टर आमिर रशीद को बनाया संरक्षक

अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। नगर की जानी-मानी संस्था अंजुमन फैज़-ए-आम ने नाज पैलेस में अंजुमन की 5 वीं वर्षगांठ पर ट्रस्ट के नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान कर सदस्यता दी। इस मौके पर ट्रस्ट के संरक्षक के रूप में डॉ. सलमान भारती व डॉ. आमिर रशीद को नियुक्त किया गया। इस मौके पर अंजुमन फैज़-ए-आम के अध्यक्ष मौ साकिब ने ट्रस्ट के 5 वर्ष पूरे होने पर पर्यावरण हित में 11 हजार पेड़ लगाने का संकल्प लिया। इस वर्षगांठ के अवसर पर नए 17 लोगों को सदस्यता दी गई ट्रस्ट के कानूनी सलाहकार एडवोकेट हारून शकील ने ट्रस्ट को समाज के हित ओर समाज को बेहतर बनाने व समाजसेवा करने के लिए सभी सदस्यों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अंजुमन निस्वार्थ भाव से सेवा करती है वहीं ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. सलमान भारती व डॉ. आमिर रशीद ने 5 वर्ष पूरे होने पर ट्रस्ट के सभी सदस्यों को बधाई दी। अंजुमन फैज़-ए-आम के उपाध्यक्ष मुहम्मद आसिम अंसारी व ट्रस्ट के सचिव डॉ. मौ फैज़ ने कहा कि ये ट्रस्ट न केवल एक ट्रस्ट है बल्कि हम सबके जज्बात हैं जो स्कूल के दिनों से हमारे अंदर पले। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष मौ. साकिब ने बताया कि ट्रस्ट के पांच साल सेवा में बहुत कमराज रहे। आगे भी कोशिश रहेगी कि नहटौर सेवा के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अंजुमन फैज़-ए-आम ट्रस्ट मिल का पत्थर साबित हो। साथ ही ट्रस्ट शिक्षा के क्षेत्र में मुख्य रूप से कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर डॉ. मौ ज़ुबैर, अब्दुल कादिर, मौ. खिजर, अतुल कुमार, दानियाल अंसारी, राफ़िया नाजमीन, शागिल उस्मानी, डॉ. मौ. फरमान, बिलाल अंसारी, जुनैदुल्ला, क़ाज़ी मौ. साद, डॉ. असदुल्ला गुड्डू, महमूद अहमद, फरमान आकाशी, डॉ. अफ़्फ़ान, काज़ी उबैद जुगनू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आई स्पेशलिस्ट डॉ. मौ. आकिब ने किया। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष मौ. साकिब ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया।

# संबंधित अधिकारी पीड़ित की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर तुरंत कारण समाधानः डीएम जसजीत कौर

## जनपद बिजनौर की नवजात जिला अधिकारी जसजीत कौर ने अपने प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर सुनी जनता की फरियाद





अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। जनपद बिजनौर की नई जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अपने प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जनता की फरियादें सुनी। इस बार समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ पहुंची।

नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि आज उनके सम्मुख राजस्व विभाग से संबंधित सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा एवं खतौनी में नाम का इंदराज न होना आदि शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि उक्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं तथा राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा, ताकि इनकी पुनवृत्ति न होने पाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील चांदपुर के डबाकरा हॉल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और ?िम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप, से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें। आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 85 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 03 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य अन्य अधिकारी मौजद रहे।

## खिदमतः आग में झुलसी बच्ची की आर्थिक मदद कर डॉक्टर मौहम्मद राशिद ने पेश की मानवता की मिसालः चेयरमैन अतहर हसन





नहटौर क्षेत्रवासियों की ?िदमत कर दुआएं ले रहे हैं एमएम क्लीनिक के संस्थापक डॉक्टर मौहम्मद राशिद

अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। जनपद बिजनौर के प्रमुख समाजसेवी संगठन अल अजहर एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन हाफिज अतहर हसन ने कहा कि नहटौर में धामपुर मार्ग पर एमएम क्लिनिक के जरिए डॉक्टर मौहम्मद राशिद आज न सिर्फ नगर व आसपास के क्षेत्र का जाना पहचाना नाम है जो पिछले काफी समय से चिकित्सा के माध्यम से लोगों की खिदमत को अंजाम दे रहा है।

हाफिज अतहर हसन ने कहा कि एमएम क्लिनिक के संस्थापक डॉक्टर मौहम्मद राशिद गरीबों और बेसहाओ बहुत बड़ी मदद कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण मैंने तब देखा जब एक गरीब बच्ची जो आग से झुलस गई थी उसको उन्होंने सहायता की वह बेहद सराहनीय है पिछले कई वर्षों से कई बार देखने में आया है कि उन्होंने डॉक्टरी पेशे के अलावा भी लोगों की मदद कर मानवता की जिंदा मिसाल पेश की है। शहर भर में जगह-जगह सीपीआर ट्रेनिंग कैंप लगवा कर लोगों को जागरूक करने का काम किया है कि यदि अचानक किसी को भी हार्ट अटैक आ जाता है तो उसका उपचार टेक्निकल रूप से घर पर ही कैसे किया जा सके कि उसे व्यक्ति की सास दोबारा से लौट आए। हाफिज अतहर हसन ने कहा कि डॉक्टर मौहम्मद राशिद बहुत कम शुल्क पर मरीजों का उपचार कर रहे हैं साथ ही मोहम्मद राशिद नहटौर क्षेत्र के होने के बावजूद भी लगातार अपने वक्त पर पहुंचकर लोगों की खिदमत को अंजाम दे रहे हैं। हाफिज अतहर हसन ने कहा कि समस्त नहटौर वासियो को खुश नसीब मानता हूं कि नेक दिल और सच्चा मानवता की मदद करने वाला डॉक्टर यहाँ मौजूद है। इसके साथ ही हाफिज अतहर हसन ने अल अजहर एजुकेशनल ट्रस्ट के सभी सदस्यों की तरफ से भी डॉक्टर मौहम्मद राशिद की लंबी उम्र व अच्छी सेहत के लिए नेक दुआएं पेश की है।

# नया नहीं है अवधेश के खिलाफ पासी उम्मीदवार का प्रयोग



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मिल्कीपुर।** क्षेत्र के उपचुनाव में पासी कार्ड से भाजपा उत्साहित जरूर है, लेकिन अवधेश प्रसाद के खिलाफ अन्य दलों का यह कोई पहला प्रयोग नहीं है। वर्ष 1985 से सोहावल व मिल्कीपुर में हुए विधानसभा चुनावों में आठ बार भाजपा व अन्य विपक्षी दलों ने अवधेश प्रसाद के खिलाफ पासी फैक्टर ही अपनाया लेकिन सफलता नहीं मिली। सपा सांसद अवधेश प्रसाद 1974 से अब तक 13 विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें उन्हें नौ बार सफलता मिली है।

सात बार वह जिले की सोहावल विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं, जबकि तीन चुनाव वह मिल्कीपुर सीट से लड़े हैं, जिसमें दो बार उन्हें जीत मिली है। पिछले इन सभी चुनावों पर नजर डालें तो लगभग हर बार प्रमुख दलों ने उनके सामने पासी समाज के ही उम्मीदवार को उतारा है। इसमें आठ बार उन्होंने प्रमुख दलों की चाल नाकामयाब की है। पहला चुनाव अवधेश प्रसाद 1974 में लड़े और कांग्रेस के हुबराज कोरी से हार गए।

इसके अलावा वर्ष 1977 का अगला चुनाव वह जनता पार्टी से लड़े और हुबराज को हराकर पहली बार विधायक बने। 1980 का अगला चुनाव वह पासी समाज के माधव प्रसाद से हार गए, लेकिन 1985 व 1989 में उन्होंने माधव प्रसाद समेत कई अन्य को हराया। 1991 में राम लहर के दौरान पासी समाज के रामू प्रियदर्शी भाजपा से लड़े और अवधेश प्रसाद को हरा दिया। इसके बाद 1993, 1996, 2002 व 2007 में वह लगातार विधायक बने। इस दौरान 1993 से 2002 तक भाजपा से रामू प्रियदर्शी ही चुनाव लड़े और हारते गए।

वहीं 2007 में पार्टी ने पासी समाज की ही ऊषा रावत पर दांव लगाया तो रामू प्रियदर्शी बसपा से चुनाव लड़े, फिर भी सभी को हार का सामना करना पड़ा। 2012 में सुरक्षित सीट मिल्कीपुर बनी तो अवधेश प्रसाद वहां से चुनाव लड़े। इस दौरान भाजपा से रामू प्रियदर्शी ही चुनाव लड़े और हारे। 2017 में भाजपा ने पासी समाज के ही गोरखनाथ बाबा पर दांव लगाया और वह जीत गए, लेकिन 2022 में वह फिर से हार गए। पिछले इन्हीं रिकॉर्ड के कारण सपाई उत्साहित दिख रहे हैं। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा जान-बूझकर इसकी ब्रांडिंग कर रही है। उनके पास कोई अन्य मुद्दा नहीं बचा है। सभी जाति-धर्म का सपा को समर्थन है।

प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में थाना इनायतनगर के थानाध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय, थाना कुमारगंज के थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह, थाना खण्डासा के थानाध्यक्ष संदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से अयोध्या से बाहर स्थानांतरित किया जाए।

## नगर निगम की बैठक में बवाल

**अलीगढ़।** वित्तीय वर्ष 2024-25 का मूल बजट पारित करने के लिए बुलाई गई अलीगढ़ नगर निगम की बैठक में पार्षदों ने खूब हंगामा किया। हंगामे के बीच ही लगभग 900 करोड़ का बजट पेश करने पर पार्षद भड़क गए. पार्षदों को शांत करने के लिए राष्ट्रगान का सहारा लिया गया. इसके बाद सभी दलों के पार्षदों ने मिलकर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बजट पर चर्चा होने के पहले कई अन्य मुद्दों पर बहस छिड़ गई. पोखर की मिट्टी से संबंधित मामला अचानक गर्मा गया. इस विषय पार्षदों के बीच तीखी बहस शुरू होने लगी। पार्षद जांच और कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। साथ ही पार्षदों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता के बारे में कहा।

# पीएम के कार्यक्रम का किया लाइव टेलीकास्ट



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फरह।** ब्लॉक में शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। फरह ब्लॉक के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का स्वामित्व प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार राकेश उपाध्याय और ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह ने योजना के महत्व और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और स्वामित्व प्रमाण पत्र (घरौनी) वितरित करने की एक अनूठी पहल है। इसके तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन और घर का स्वामित्व प्रमाण पत्र दिया जा रहा है, जिससे वे अपनी संपत्ति को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता या विवाद से मुक्त हो सकें। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी लाभार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों को योजना के लाभों के बारे मो जागरूक किया गया और घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम से ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल देखा गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति अधिकारों को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति को समाप्त करने और लोगों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिले में ग्रामीणों को बांटी 25184 घरौनी, मिली आर्थिक सुरक्षा



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनके मकानों के 25,184 प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) का वितरण 18 जनवरी को किया गया। मुख्य कार्यक्रम कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में हुआ, यहां पर जिले भर से आए लगभग 600 लाभार्थियों को घरौनी दी गई।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कर योजना का फीडबैक लिया। अब तक अलीगढ़ जिले के 1241 राजस्व ग्राम एवं 1153 आबादी ग्रामों में से 753 ग्रामों में घरौनी का वितरण पूरा हो चुका है। जिले में 1.42 लाख लोगों को घरौनी दी गई है। कार्यक्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि इस योजना का सबसे अधिक लाभ गांवों में रह रहे लोगों को मिला है। जो परिवार दशकों से अपने पुश्तैनी मकानों में रह रहे हैं, लेकिन उनके पास कोई अभिलेख नहीं है। उनको कागजों में मालिकाना हक दिलाने के लिए वर्ष 2020 में यह योजना शुरू की गई थी। पांच वर्षों में ही देश के करोड़ों परिवारों को उनके घरों का मालिकाना हक प्राप्त हुआ है। घरौनी आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बन गई है। इस कार्यक्रम में एएमयू के पूर्व कुलपति एवं एमएलसी डॉ. तारिक मंसूर, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजी. राजीव शर्मा, जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, पूर्व महापौर शकुंतला भारती आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**अलीगढ़।** अमुवि में आज कड़कड़ाती ठंड और कोहरे की धुंध के बीच यूनिवर्सिटी के एथेलेटिक्स मैदान पर आयोजित मिनि मैराथन में बड़ी संख्या में शामिल होकर छात्र छात्राओं ने देश भक्ति और एकता का संदेश देते हुए विवि में सप्ताह भर के गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत की जो 26 जनवरी को स्ट्रेची हाल में आयोजित होने वाले एक भव्य समारोह के साथ संपन्न होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन एएमयू की कुलपति प्रो नईमा खातून ने किया। उन्होंने एएमयू रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान आईपीएस और अन्य विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। कुलपति ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एकता और फिटनेस के मूल्यों पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि यह मिनी-मैराथन केवल एक दौड़ नहीं है।

# हुक्का बार में तीन नाबालिग से गैंगरेप का आरोप



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**रामगढ़ताल।** हुक्का बार की आड़ में देहव्यापार का धंधा चलाने वाला अनिरुद्ध ओझा फैशन शो के जरिए सुंदर लड़कियों को फंसाता था। लड़कियों को मॉडलिंग के जरिए फिल्मों और सीरियल में काम दिलाने का दावा किया जाता था। लड़कियां उसकी लच्छेनुमा बातों में फंस जाती थीं। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे देहव्यापार के धंधे में डाल दिया जाता था।

पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला है कि अनिरुद्ध ओझा ने मिस्टर एंड मिसेज उत्तर प्रदेश, डांस, मॉडलिंग और सिंगिंग की कई प्रतियोगिताएं कराई थीं। पहली बार जून 2019 में अनिरुद्ध ने शहर में प्रतियोगिता कराई थी। उसका एक कार्ड भी मिला है, जिसमे प्रतियोगिता का सारा विवरण है। उस पर अनिरुद्ध की फोटो लगी है। वह खुद जज के रूप में विजेता और उपविजेता चुनता था। सूत्रों की मानें तो जिले के अलावा अन्य जिलों से भी लड़कियों को प्रतियोगिता में बुलाया जाता था। इसके लिए अनिरुद्ध ओझा ने कई लड़कियों को टीम में रखा था।

उधर, शाहपुर और रामगढ़ताल थाने में किशोरियों से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दर्ज केस की जांच में एक और तथ्य सामने आया है। 10 जनवरी को हुक्काबार पर पुलिस के छापे में देवरिया की एक लड़की भी पकड़ी गई थी, जिससे हुक्का बार संचालक जबरन देह व्यापार कराता था। उससे पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि भाटपाररानी के जिस कॉलेज में वह पढ़ती थी, वहां की चार अन्य लड़कियों को भी बरगला कर हुक्काबार लाया गया था। अब पुलिस उन लड़कियों की तलाश कर रही है ताकि उनका बयान दर्ज कर जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, केस दर्ज होने के बाद अनिरुद्ध ओझा कार्रवाई के डर से भागते समय वह तेनुआ टोल प्लाजा के पास अपनी कार छोड़कर भाग गया था। किसी को संदेह न होने पाए इसके लिए उसने गाड़ी की चाबी भी उसमें लगी हुई छोड़ी थी। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कार भी बरामद कर ली है।

रामगढ़ताल क्षेत्र में रहने वाली सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता ने बताया कि दिखावे और आत्मनिर्भर बनने की लालच में वह इस जाल में फंसती चली गई। अनिरूद्ध के जरिए ही रेशमा से भी मुलाकात हुई थी। वे अच्छी नौकरी दिलाने का वादा करते थे। बोलते थे कि बहुत पढ़ाई से कुछ नहीं होगा। आजकल जो स्मार्ट होता है, वही आगे बढ़ पाता है। धीरे-धीरे उनकी बातों में फंसती चली गई। घरवालों की बात भी अनसुनी कर दी। अब मुझे अपनी गलती का अहसास है। वहीं पीड़िता की मां रोते हुए बोली कि किसी भी हाल में आरोपी बचने नहीं चाहिए। शाहपुर में फ्लाई इन होटल व हुक्का बार बिना अग्निशमन विभाग के एनओसी के ही संचालित हो रहे थे।

# जमीन को लेकर नहीं होंगे विवाद, बांटी गई घरौनियां



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** निजी भूमि हो या पैतृक। कच्चा या पक्का मकान। चौहद्दी से लेकर भुजाओं की माप और नाम, पता, वल्दियत संग यूनिक आईडी से पहचान। यह सब होगा घरौनी में। जो गांव में रहने वालों के लिए उनकी संपत्ति की मिल्कियत का कानूनी आधार बनेगी।

जिससे भूमि विवाद खत्म होंगे। जरूरत पर बैंक से आसानी से उधार भी मिल जाएगा राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के 50 हजार गांव में 65 लाख घरौनी (प्रॉपर्टी कार्ड) का वर्चुअल वितरित किया। बाग फरजाना स्थित संस्कृति भवन में वर्चुअल वितरण का प्रसारण हुआ। जहां 20 लाभार्थियों को केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश व पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने घरौनियां बांटी। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि जिले के 600 गांव में 1.36 लाख घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। सदर सहित सभी तहसील, ब्लॉक व पंचायतों में शनिवार को 47 हजार घरौनी वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि घरौनी से कई फायदे हैं। भूमि विवाद का निस्तारण आसान होगा। स्वामित्व का अधिकार मिलने से ऋण व अन्य वित्तीय लाभ ग्रामीण आबादी क्षेत्र में मिल सकेंगे। एसडीएम सदर सचिन राजपूत ने बताया कि घरौनी में 20 बिंदुओं पर भूमि क्षेत्र की जानकारी है।

घर का नक्शा, चौहद्दी, पैमाइश से लेकर यूनिक आईडी अंकित है। उधर, वर्चुअल समारोह में पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश, सियोनी निवासी मनोज, महाराष्ट्र के नागपुर निवासी रोशन लाल पाटिल, उड़ीसा में रायगढ़ निवासी संगीता और जम्मू कश्मीर सांबा निवासी वीरेंद्र कुमार से घरौनी व उसके लाभ पर चर्चा की।

इस दौरान सीडीओ प्रतिभा सिंह, एडीएम प्रशासन अजय कुमार, एडीएम वित्त शुभांगी शुक्ला, तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गिर्राज कुशवाह, महामंत्री शिव कुमार प्रमुख आदि मौजूद रहे। ग्रामीण आबादी क्षेत्रों की तरह शहरी आबादी क्षेत्र में रहने वालों के लिए भी घरौनी बनेंगी। इसके लिए ड्रोन से सर्वे होगा। नगर निगम इस योजना को अमली जामा पहनाएगा। नगर निगम सीमा के 100 वार्डों में प्रत्येक घर, दुकान, भवन से लेकर अन्य संपत्तियों का सर्वे कर घरौनी बनाई जाएंगी।

## प्रमुख चौराहों का नाम सैनानियों का होना आवश्यक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** महानगर के जिला मलखान सिंह चिकित्सालय में एक आवश्यक बैठक अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सैनानी उत्तराधिकारी संगठन की आहूत की गई। इस बैठक में संगठन के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिन पूर्व सदस्यों ने किसी कारणवश संगठन को छोडकर अन्य नया संगठन बना लिया है उन्हें तत्काल प्रभाव से सदस्यता से निलंबित किया जाय। जिससे संगठन की गरिमा बनी रहे। पूर्व में हुए काकोरी कांड में शामिल क्रान्तिकारियों में जिसमें अलीगढ जनपद से अनेक स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भी थे, उनका नाम पीवीटी सूची में नहीं आया है, उसे जिला प्रशासन को तत्काल शामिल करना चाहिये।

# शास्त्री ब्रिज के नीचे पंडालों में लगी आग, फट रहे सिलेंडर



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**प्रयागराज।** जिले में महाकुंभ में शास्त्री ब्रिज के नीचे पंडाल में भीषण आग लग गई। सैकड़ों फीट ऊपर काला धुआं उठ रहा है। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पुल के ऊपर ट्रैफिक रोका गया है। तेजी से आग फैल रही है। फायर ब्रिग्रेड और कई एंबुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना हुई है। कई लोगों आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आग की घटना के बाद हॉस्पिटल में तैयारी पूरी की गई है।

जानकारी के अनुसार, महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में पांटून पुल 12 स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ श्रीकरपात्री धाम वाराणसी के शिविर में आग लगी है। कैंपों में रखे एलपीजी सिलेंडर भी आग की चपेट में हैं। रुक-रुककर सिलेंडर फट रहे हैं। घटना में पचास से ज्यादा कैंप आग की चपेट में हैं। आग में सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। आग सेक्टर 20 की तरफबढ़ रही है। गीता प्रेस भी आग की चपेट में है। जिससे काफी नुकसान हुआ है।

# मौके पर जाकर किया शिकायतों का निस्तारण



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 46 शिकायतों का किया गया निस्तारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शुरू किया गया है विशेष अभियान।

इस अभियान के नोडल अधिकारी अखिलेश भदौरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगै चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 46 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पडेगा परेशान फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

## मैत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** परोपकार सामाजिक सेवा संस्था द्वारा बेलौठ में मैत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें आस-पास के गांवों के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अध्यक्ष जतन चौधरी ने कहा कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से खेल, योग में भाग लेना चाहिए। हम चाहे खेलें या पढ़ें दोनों जगह पर आत्मविश्वास के साथ खूब मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा का अर्थ केवल मानसिक विकास ही नहीं वरन शारीरिक, चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास अर्थात सर्वांगीण विकास से है। इस अवसर पर कंचन सिंह पीटीआई, कोच देवराज सिंह, भोला चौधरी, सजल तिवारी, मयंक चौधरी आदि थे।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने किया शिलान्यास



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** विशाल जन समूह की उपस्थिति में मा० पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने टूंडला के ग्राम रूधऊ मुस्तकिल में मिनी औद्योगिक केंद्र का भूमि पूजन व शिलान्यास किया, यहां पर कुल 62 प्लॉट है इसमें 540 वर्ग मीटर से लेकर 1110 वर्ग मीटर तक का प्लॉट उपलब्ध होगा, यहां पर उद्यमियों को 99 वर्ष का पट्टा आवंटन किया जाएगा।

जमीन की कीमत का 10 फीसदी तत्काल जमा करना होगा, शेष धनराशि आगामी 15 वर्षों में किस्त के रूप में देना होगी, यहां उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विभाग द्वारा ऋण भी प्रदान किया जाएगा, जिस उद्यमी को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, उसके अलावा कोई भी व्यक्ति कोई और रोजगार यहां नहीं कर सकता, इस समस्त मिनी औद्योगिक क्षेत्र रूधऊ मुस्तकिल में 19.46 एकड़ भूमि चिन्हित है। अब बाहर के देश अब यहां निवेश करने को आतुर दिखाई दे रहे है, यहां पर औद्योगिक विकास से अपने घर पर युवाओं को रोजगार मिल सकेगा, हमारा यह प्रयास है कि यहां पर पर्यटन के द्वारा भी विकास के रास्ते खुलें, यहां पर आधुनिकतम ग्लास म्यूजियम का निर्माण हो रहा है, बटेश्वर पर्यटन का एक आकर्षण केंद्र बनने जा रहा है, वहीं रपड़ी में ईको टूरिज्म का विकास किया जा रहा है। इन तीनों पर्यटन स्थलों की एक चयन श्रृंखला स्थापित की जा रही हैं, जिससे यहां पर्यटक अधिक से अधिक आ सके, उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की है, कि जिला का पैसा जिले में ही खर्च हो, जिससे इसकी दिशा और दशा बदल सके।

इस अवसर पर विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि इस मिनी औद्योगिक क्षेत्र से यहां की जनता के लिए वृहद रोजगार के द्वार खुलेंगे, जिससे इस पिछड़े इलाके का कायाकल्प हो सकेगा, वहीं जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि जिस तरह से यहां मिनी औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कियें जा रहे हैं, उससे यह जिला उद्योग के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर सकेगा, यहां पर एक्सपोर्ट के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र देश भर में अपनी पहचान कायम कर सके, इस मौके पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम विकास के साथ विरासत को भी सजों हो रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि यहां पर आयुष्मान कार्ड और फार्मर रजिस्ट्री वितरण का लाभ आप सब उठा सकते हैं, इससे पूर्व माननीय मंत्री जी, विधायक टूण्डला, जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत मोमेंटो देकर किया।